हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री



14 बजट में महंगाई से राहत और दस लाख तक...


14 धान खरीदी पूरी, किसानों ने इस सीजन में बेचा...


# भगदड़ के बाद भी महाकुंभ का क्रेज, ट्रेनें, बसें, प्लेन फुल, वापसी के लिए लंबी वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

महाकुंभ में शामिल होने छत्तीसगढ़ से रोजाना 2 हजार से अधिक यात्री ट्रेन से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बीते दिनों भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत के बाद भी लोगों में कुंभ को लेकर उत्साह बरकरार है। 29 से 30 जनवरी के बीच रायपुर मंडल से सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में 10 प्रतिशत यात्रियों ने सफर से एक दिन पहले अपना टिकट रद्द कराया है, जबकि इससे अधिक यात्रियों ने बुकिंग कराई है।

## प्रयागराज से वापसी के लिए ट्रेन में टिकट नहीं, बसें फुल, होटल स्टे 4 गुना महंगा

### 25 हजार तक पहुंचा टैक्सी किराया

कुंभ में मंगलवार देर रात हुई भगदड़ के बाद रायपुर से प्रयागराज गए लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वे लोग जो ट्रेन का टिकट एक ही ओर का लेकर या बस से प्रयागराज गए थे, उन्हें अब वापसी में काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही हैं। भगदड़ की घटना के बाद किसी तरह रायपुर के लोगों ने अगले दिन संगम स्नान तो कर लिया, लेकिन उन्हें रायपुर वापसी के लिए कई टुकड़ों में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रोज 200 से अधिक यात्री करवा रहे रिजर्वेशन, खड़े होकर सफर करने के लिए तैयार


फाइल फोटो

### निजी वाहनों से जाने वालों की भी संख्या 80 फीसदी तक घटी

जानकारी के मुताबिक रायपुर से रोज 400 से ज्यादा चारपहिया वाहन से लोग प्रयागराज जा रहे थे, लेकिन मंगलवार को कुंभ मेले में भगदड़ के बाद इनकी संख्या घटकर 30 से 40 रह गई है। मंगलवार के बाद चारपहिया वाहन वालों को चंदौली से ही जाम का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से प्रयागराज की 584 किमी. की दूरी जो 11 घंटे में तय हो रही थी, उसे तय करने में अब 22 से 24 घंटे लग रहे हैं। प्रयागराज से वाराणसी के बीच 28 और 29 जनवरी को 48 घंटे ट्रेनें सरकती रहीं। स्थिति यह रही कि श्रद्धालुओं को वाराणसी से प्रयागराज करीब 125 किमी की दूरी तय करने में लगभग 40 घंटे लग जा रहे थे।

हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला रोजाना 200 से अधिक लोग काउंटर व रिजर्वेशन टिकट प्रयागराज जाने के लिए खरीद रहे हैं। ट्रेनों में लंबी वेटिंग होने के बाद भी सफर करने यात्री टिकट खरीद रहे हैं। एसी कोच में भी अब बड़ी संख्या में यात्री खड़े होकर सफर करने को तैयार हैं। आरक्षण भवन से मिली जानकारी के मुताबिक भगदड़ का असर ट्रेनों की बुकिंग पर नहीं पड़ा है। बसों में सीट फुल होने से यात्री ट्रेन का टिकट खरीदने पहुंच रहे हैं। ऑनलाइन से ज्यादा ऑफलाइन टिकट ले रहे, ताकि वेटिंग में सफर करते बन सके। टूर एंड ट्रैवल का भी कहना है कि भगदड़ की घटना के बाद गुरुवार को कुंभ जाने वाले 10 से 20 प्रतिशत लोगों ने ट्रेन का टिकट कैंसिल करवाया है।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ हजार नशीली टेबलेट जब्त, युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक युवक के कब्जे से एक हजार 440 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ श्रीनगर उड़िया बस्ती निवासी संजय बेनुवा को गिरफ्तार किया है। संजय नशीली टेबलेट भनपुरी में किसी को देने के लिए जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने संजय को रोककर उसके झोले की तलाशी ली तो उसमें नशीली टेबलेट मिली।

### पुलिस की दबिश, घर से 288 पौवा शराब जब्त



**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी स्थित एक मकान में दबिश देकर 50 हजार रुपए कीमत की 288 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की है। कालीबाड़ी, रामजानकी मंदिर के पीछे रोहित सागर उर्फ छोटू के मकान से शराब जब्त की गई है। पुलिस को पता चला कि रोहित अपने घर से शराब बिक्री करता था, जिसके पर दबिश देकर शराब बरामद की गई।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 245 बच्चे बरामद

**रायपुर।** राज्य के अलग-अलग जिलों में गुम बच्चों की पतासाजी करने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। अभियान के तहत रेंज के अलग-अलग जिलों के थाना क्षेत्र से गुम 245 बच्चों की पतासाजी कर पुलिस ने बच्चों के परिजनों के सुपुर्द किया। इनमें रायपुर में 160, महासमुंद में 38, धमतरी में 9, बलौदाबाजार में 30 और गरियाबंद में 8 बच्चों को बरामद किया गया। अभियान के तहत रेस्क्यू किए गए बच्चों में 20 बालक और 225 बालिकाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले की पुलिस द्वारा बरामद किए गए बच्चों में वर्ष 2010 से पहले लापता एक बालक (वर्ष 2007) और तीन बालिकाएं (वर्ष 2004, 2008, 2009) शामिल हैं।

## संबंधित राज्य की पुलिस से संपर्क कर ऐसे लोगों की तस्दीक की जाएगी

# जांच में डेढ़ सौ लोग निकले प.बंगाल-बांग्लादेश बार्डर के, दस्तावेज दुरुस्त नहीं, सिम पर भी संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों की पतासाजी करने राजधानी पुलिस ने गुरुवार को ऑपरेशन समाधान के तहत दो हजार से ज्यादा बाहरी प्रदेश के लोगों को पुलिस लाइन हाजिर कर तस्दीक की कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई में डेढ़ सौ के करीब ऐसे बाहरी प्रदेश के लोग मिले हैं, जो पश्चिम बंगाल, बाग्लादेश बार्डर के हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को ऐसे लोगों के दस्तावेज भी दुरुस्त नहीं मिले हैं। इस वजह से उनके बारे में आशंका जताई जा रही है कि वे बांग्लादेशी नागरिक या रोहिंग्या हो सकते हैं।

राजधानी में पिछले कुछ महीनों में चोरी सहित अन्य तरह के अपराधों में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कई दूसरे प्रदेश के बदमाश शामिल पाए गए। इस बात को ध्यान में रखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने अभियान चलाकर थोक में बाहरी प्रदेश के लोगों को एक साथ उठाकर पुलिस लाइन लेकर पहुंची और उनके दस्तावेजों की जांच की। जांच में जिनके दस्तावेज दुरुस्त थे, उन्हें जाने दिया गया।

### सैकड़ों की संख्या में ऐसे लोग मिले, जिनके आधार कार्ड में लिंक मोबाइल बंद है या कोई और चला रहे


हरिभूमि
रायपुर भूमि
रोहिंग्या का समाधान ढूंढने पुलिस का ऑपरेशन तड़के 2000 को उठाया, सवा दो सौ पर कार्रवाई

### संदिग्ध विशेष निगरानी में रहेंगे

पुलिस के अनुसार बाहरी प्रदेश के लोगों की तस्दीक अभियान में जो संदिग्ध पाए गए हैं, उनकी विशेष निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने संदिग्धों के आधार कार्ड सहित अन्य पहचान पत्र की अलग से कॉपी अपने पास रख ली है।

### कब से रह रहे पुलिस को इसकी जानकारी नहीं

दूसरे राज्य के लोगों ने पूछताछ में पुलिस को महज एक दो साल पूर्व आने की जानकारी दी है। बाहरी प्रदेश से आकर यहां रहने वाले लोग यहां कब से हैं, पुलिस को इसकी सही जानकारी नहीं है। दूसरे प्रदेश से आए ज्यादातर संदिग्धों ने हाल के वर्षों में रायपुर आने की जानकारी पुलिस को दी है।

### निगरानी की जाएगी

दूसरे प्रदेश से आकर रहने वाले संदिग्ध लोगों की विशेष निगरानी की जाएगी। संदिग्धों के आधार कार्ड के आधार पर उनके मूल स्थान से क्रिमिनल रिकार्ड की जानकारी मंगाई जाएगी। साथ ही संदिग्धों की गतिविधियों की निगरानी की जाएगी।

- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी

### खमतराई, उरला टिकरापारा में मिले संदिग्ध

पुलिस ने पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश बार्डर के जिन डेढ़ सौ संदिग्धों की पहचान की है, वे सभी टिकरापारा के साथ खमतराई, उरला थाना क्षेत्र में निवासरत होना पाए गए। उनमें से ज्यादातर लोग ऑटो चलाने के साथ छोटी-मोटी मजदूरी करने का काम करते हैं। चिन्हांकित संदिग्धों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखने की बात कह रही है।

### ज्यादातर के आधार कार्ड अपडेट नहीं

दूसरे प्रदेश से आए लोगों की पहचान परेड में ज्यादातर लोगों के आधार कार्ड अपडेट नहीं थे। आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर कोई दूसरा मिला। इसके साथ ही कई के पते गलत पाए गए। पुलिस ने ऐसे लोगों को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आधार कार्ड अपडेट होने के बाद उसकी जानकारी देने पुलिस ने निर्देश दिए हैं।

# सेंट्रल जीएसटी में सीबीआई का छापा, इन्फोर्समेंट टीम से अफसर कर रहे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने शुक्रवार को पोस्टल कालोनी स्थित सेंट्रल जीएसटी में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक कुछ दिन पूर्व अनियमितता को लेकर सेंट्रल जीएसटी के दो अफसरों ने दो कारोबारियों से सात लाख रुपए की उगाही की थी। इसके बाद दोनों अफसरों को निलंबित कर दिया गया था। उसी आधार पर सीबीआई द्वारा छापे की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है।

- सात लाख रिश्वत लेने की घटना सामने आने के बाद छापे की कार्रवाई

कारोबारियों से पैसा लेने के आरोप में सेंट्रल जीएसटी के अधीक्षक पल्लव परगनिया तथा आशीष पाठक को निलंबित किया गया था। दोनों अफसरों के खिलाफ कारोबारियों ने बदसलूकी करने के भी आरोप लगाए गए थे। घटना की शिकायत मंत्री ओपी चौधरी के पास भी की गई थी। मंत्री ने उक्त शिकायत सेंट्रल जीएसटी के दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेज उचित कार्रवाई की सिफारिश की थी।



### पड़ताल के बाद कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक सेंट्रल जीएसटी मुख्यालय ने अपने अफसरों के खिलाफ की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की पड़ताल पहले अपने स्तर पर की। परगनिया तथा पाठक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए जाने पर दोनों अफसरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### लगातार शिकायत के बाद सीबीआई की एंट्री

रिश्वत लेने के मामले में जिन दो अफसरों को निलंबित किया गया है, उसके पूर्व भी सेंट्रल जीएसटी के कुछ अफसरों के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। उन शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निपटारा कर दिया जाता था। लगातार शिकायतें सामने आने पर मामले की पड़ताल करने सीबीआई ने छापे की कार्रवाई की है।

### इन्फोर्समेंट टीम से की जा रही पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अफसरों ने शुक्रवार को देर शाम सेंट्रल जीएसटी के ऑफिस में दबिश दी है। सीबीआई की टीम ने सेंट्रल जीएसटी द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी खंगालने के साथ क्या कार्रवाई की है। इस संबंध में अफसरों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही इन्फोर्समेंट के अफसरों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। पूछताछ का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन...




**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सीएम विष्णुदेव साय समेत मंत्रिमंडल के सदस्य एवं भाजपा विधायक बड़ी संख्या में जुटे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए एकजुट रहने का आव्हान किया गया। महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे भी इस दौरान मंच पर नजर आईं।






## प्लाटून कमांडर मिश्रा सेवानिवृत्त, दी विदाई



**रायपुर।** माना सुरक्षा वाहिनी में पदस्थ प्लाटून कमांडर वेदप्रकाश मिश्रा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। श्री मिश्रा पुलिस विभाग में 40 साल सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्त के अवसर पर वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि वीआईपी सुरक्षा वाहिनी के वरिष्ठ सेनानी राजेश अग्रवाल सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने श्री मिश्रा के अनुशासित तरीके से 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


# 10 लाख की आबादी वाले 41 शहरों में रायपुर का 8वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में दस लाख की आबादी वाले शहरों में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को आठवां रैंक मिला है। भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित किए हैं। इस सर्वेक्षण में 41 शहरों को शामिल किया गया था। केंद्र सरकार ने धूल मुक्त वातावरण, कचरे को जलाने की प्रवृति पर अंकुश, निर्माण व विध्वंस ▶▶|शेष पेज 13 पर

- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित



### टॉप-10 में शामिल शहरों के नाम

सर्वेक्षण रैंकिंग में टॉप-10 में आए शहरों में रायपुर के अलावा सूरत, जबलपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, वड़ोदरा, इंदौर, भोपाल, विजयवाड़ा, अहमदाबाद और दिल्ली शामिल है। उल्लेखनीय है कि वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रदूषण के दुष्प्रभावों से सभी को सचेत करने, वायु गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन करने व सभी के लिए स्वच्छ वायु का लक्ष्य हासिल करने भारत सरकार यह सर्वेक्षण करता है।

# शहीद पंकज विक्रम वार्ड में सफाई और पानी के साथ नशाखोरी होंगे प्रमुख मुद्दे

**वार्ड नंबर - 58**
**शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

| | |
|---|---|
| वार्ड-58 में कुल मतदाताओं की संख्या | -8490 |
| पुरूष मतदाता | - 4353 |
| महिला मतदाता | - 4135 |
| तृतीय लिंग | - 02 |

भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम रायपुर के शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक-58 के मतदाता, जागरूकता का परिचय देते हुए पिछले दो दसक से कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस प्रत्याशी को वार्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुन रहे हैं। इससे पता चलता है कि यहां के मतदाता मूलभूत सुविधाओं के साथ क्षेत्र का विकास भी चाहते हैं, लेकिन विगत वर्षों से इस वार्ड के कई मोहल्ले में न ही विकास कार्य हो पाए हैं और न ही मूलभूत सुविधाओं की समस्या खत्म हो पाई है। अभी भी सांईनगर, भरत नगर सहित कई मोहल्ले पानी, सफाई, सड़क जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं के साथ वार्ड में नशाखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ा है। इन समस्याओं को दूर करना नए पार्षद के लिए चुनौती होगी।



## भाजपा प्रत्याशी स्वप्निल मिश्रा

भाजपा प्रत्याशी स्वप्निल मिश्रा का कहना है कि वार्ड में विकास कार्य नहीं हुए हैं, बल्कि नशाखोरी और जगह-जगह ठेला-गुमटियों से लेकर गार्डन में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ा है। मूलभूत सुविधाएं पानी, सड़क, सफाई की व्यवस्था भी खराब है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं की समस्या दूर कर, महिला सशक्तीकरण की दिशा में कार्य कर महिलाओं को रोजगार दिलाना तथा नशाखोरी व असामाजिक तत्वों से मुक्त करना उनकी प्राथमिकता में है। इन मुद्दों को लेकर वह जनता के बीच जा रही हैं।



## कांग्रेस प्रत्याशी मोनिका जैन

कांग्रेस प्रत्याशी मोनिका जैन ने कहा है कि वार्ड के कई मोहल्लों में सफाई, पानी की बहुत समस्या है। इन समस्याओं के अलावा वार्ड में जगह-जगह अवैध ठेला-गुमटी खुल गए हैं, जहां खुलेआम नशाखोरी एवं असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। इसके कारण प्रत्येक घर के लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। इसके लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाना बहुत जरूरी हो गया है। मूलभूत सुविधाओं के साथ वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाना उनकी प्राथमिकता में है। इन सभी मुद्दों को लेकर वह जनता से वोट मांग रही हैं।

### दो प्रत्याशी के बीच मुख्य मुकाबला

*सामान्य महिला वार्ड होने के कारण से इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने नये चेहरों को मौका दिया है। भाजपा से स्वप्निल मिश्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। स्थानीय वार्ड की निवासी होने के साथ वह भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री भी है। वह विगत वर्षों से भाजपा महिला मोर्चा में सक्रियता रही है। कांग्रेस से मोनिका जैन को प्रत्याशी बनाया गया है। वह भी वार्ड की स्थानीय निवासी होने के साथ क्षेत्र की लोकप्रिय हैं। इस वार्ड से दूसरे दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव में खड़े हैं, लेकिन पिछले दो दसक से वार्ड में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी ही जीतते आ रहे हैं। इसे देखते हुए लग रहा है कि इस बार भी वार्ड में दोनों दलों के प्रत्याशी के बीच ही मुख्य मुकाबला होगा।*

# 25 सालों से बीजेपी का गढ़, किला भेदने की कोशिश में कांग्रेस

**वार्ड नंबर - 16**
**वीर शिवाजी वार्ड**

भाजपा प्रत्याशी - गज्जू साहू
कांग्रेस प्रत्याशी- विकास वर्मा
मतदाता संख्या - 16 हजार 756
पुरुष मतदाता - 8 हजार 323
महिला मतदाता - 8 हजार 432
तृतीय लिंग मतदाता - 01

**परिसीमन क्षेत्र**

साहूपारा, सतनामी पारा, ब्रह्मदेई पारा, सोनिया नगर, शहीद नगर, शिवानंद नगर, सन्यासी पारा, संतोषी नगर



### कांग्रेस ने लाख रुपए के काम को भी तरसाया

वर्तमान में यहां गोदावरी साहू पार्षद हैं। इस बार मैदान पर उतरे उनके पति गज्जू साहू कहते हैं कि कांग्रेस की सरकार होने के कारण उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा। एक-दो लाख के काम को भी मंजूरी नहीं मिल सकी। कई बार समस्याएं लेकर गए, लेकिन बीजेपी पार्षद होने के कारण उन्होंने विशेष मदद नहीं की। जो भी काम हुआ है वो भाजपा सरकार आने के बाद बीते एक वर्ष में ही हो सका है। तालाब सौंदर्यीकरण जैसे कई कामों के लिए हमने फाइलें भेजी, लेकिन कुछ हो नहीं सका। जनता मौका देगी तो ये काम पूरे करेंगे।

इस वार्ड के अंतर्गत आने वाले अधिकतर क्षेत्र खमतराई में आते हैं। यह क्षेत्र बीजेपी का गढ़ बन चुका है। राज्य बनने के बाद से लेकर अभी तक से सभी पार्षद चुनाव यहां बीजेपी ने ही जीते हैं। यही नहीं, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी यहां से बीजेपी को लीड मिलती रही है। वीर शिवाजी वार्ड से इस बार भाजपा के गज्जू साहू और कांग्रेस के विकास वर्मा आमने-सामने हैं। कांग्रेस के सामने जहां यहां बीजेपी का किला भेदने की चुनौती है, तो भाजपा इस जुगत में है कि पिछले चुनाव के अपने रिकॉर्ड को बनाए रखे। इस वार्ड के एक बड़े हिस्से में बस्ती क्षेत्र है। साफ-सफाई संबंधित व्यवस्थाएं विगत कुछ वर्षों में सुधरी हैं, लेकिन ट्रैफिक जाम एक ऐसी समस्या है, जो पिछले 25 वर्षों से जस की तस बनी हुई है। खमतराई ओवरब्रिज पर सुबह-शाम लगने वाला जाम सिरदर्द बनता जा रहा है। दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी इस बड़ी समस्या से लोगों को राहत दिलाने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस एक बार यहां मौका देने की बात जनता से कर रही है तो बीजेपी डबल इंजन सरकार की तर्ज पर विकास का वादा लोगों से कर रही है।

### अधूरे रह गए वादे

कांग्रेस प्रत्याशी यहां इस कोशिश में हैं कि किसी तरह बीजेपी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए वे अपना परचम लहरा सके। बीते 25 वर्षों में बीजेपी पार्षद के कार्यकाल में अधूरे रह गए वादे वे लोगों को जाकर गिना रहे हैं। जिन मुद्दों पर लोगों की नाराजगी है, उसे लेकर ही वोट मांगे जा रहे हैं। यहां के लोगों के लिए ट्रैफिक जाम एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। ऐसे में इसे ही मुख्य मुद्दा बनाते हुए लोगों से वोट मांगने की तैयारी है।

# रानी दुर्गावती वार्ड में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला सुरक्षा-सफाई, आवारा मवेशी एवं खेल मैदान होंगे मुख्य मुद्दे

राजधानी रायपुर के रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक-49 में इस बार पार्षद चुनाव में प्रत्याशियों की सुरक्षा, सफाई और खेल मैदान प्रमुख मुद्दे होंगे। इस सीट से पिछले दो बार से कांग्रेस जीत रही है। इससे पहले यह वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन इस बार सामान्य घोषित किया गया है। इसके कारण भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने इस वार्ड से नये चेहरों को चुनाव मैदान पर उतारा है। सफाई की बदहाल व्यवस्था के लिए यह वार्ड बहुत चर्चित रहा है। इस वार्ड में ज्यादातर कालोनी एरिया है। इसके बाद भी वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमराई रहती है। वार्ड में आवारा मवेशी भी बड़ी समस्या बने हुए हैं, साथ ही नशाखोरी एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ा है, जिसके कारण विभिन्न मुद्दों में एक सुरक्षा का मुद्दा भी रहेगा। इसके साथ वार्ड में खेल मैदान का भी अभाव है।

**भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

रानी दुर्गावर्ती वार्ड में पिछले दस वर्षों में विकास कार्य थमे हुए हैं। इसके कारण इस वार्ड में चुनाव प्रचार के दौरान मतदाता अब प्रत्याशियों से तालाब का सौंदर्यीकरण, खेल मैदान, नियमित सफाई व्यवस्था से लेकर पानी, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने तथा बेहतर कार्य करने के लिए वादा ले रहे हैं। पिछली दो बार के चुनाव में यहां से भाजपा को जरूर हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वार्ड में व्याप्त समस्याओं को लेकर पूर्व पार्षद के प्रति मतदाताओं में नाराजगी भी देखी जा रही है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों के लिए चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। इस वार्ड से चुनाव में दूसरे राजनीतिक दल के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान पर है।

**वार्ड नंबर 49**
**रानी दुर्गावती वार्ड**


अनामिका सिंह


प्रभजोत सिंह 'लाड़ी'

| | |
|---|---|
| मतदाताओं की कुल संख्या | - 15727 |
| पुरूष मतदाता | - 7916 |
| महिला मतदाता | - 7809 |
| तृतीय लिंग | - 02 |

### भाजपा प्रत्याशी अनामिका सिंह

पहली बार पार्षद पद का चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी अनामिका सिंह पेशे से डाक्टर हैं। अनामिका सिंह ने कहा कि वह सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य एवं शिक्षा चार मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही हैं। उनका कहना है कि वार्ड में पिछले दस साल से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। पुरैना, महावीरनगर, हीरापुर जैसे इलाकों में नाले-नालियों की सफाई तक नहीं होती। स्ट्रीट लाइटें भी बंद हैं, पानी की भी समस्या है। पुलिस पेट्रोलिंग भी नहीं करती, जबकि नशाखोरी-असामाजिक तत्वों का जमावड़ा वार्ड में लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी वार्ड पिछड़ा हुआ है, इन दोनों मुद्दों के साथ सुरक्षा और सफाई व्यवस्था स्थापित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी प्रभजोत सिंह लाड़ी

कांग्रेस प्रत्याशी प्रभजोत सिंह लाड़ी भी कांग्रेस से नया चेहरा हैं। स्थानीय निवासी होने के साथ वे क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। प्रभजोत सिंह ने कहा कि उनके वार्ड में ज्यादातर रिहायशी कालोनियां हैं। इसके बावजूद वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। वार्ड में नशाखोरी लगातार बढ़ रही है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ रहा है। इसके लिए वार्ड में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना बहुत जरूरी है। वार्ड में कोई खेल मैदान भी नहीं है। ये सभी मुद्दे उनकी प्राथमिकता में हैं।

## गोलछा का नामांकन रद्द होने के खिलाफ कांग्रेस पहुंची निर्वाचन आयोग



रायपुर। धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द होने के खिलाफ कांग्रेस शुक्रवार को निर्वाचन आयोग पहुंची। वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू के साथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग में लिखित में पत्र देकर कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनाव लड़ने की इजाजत देने की मांग रखी। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में लिखा है, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विजय गोलछा नगर पालिक निगम धमतरी में कांग्रेस के अधिकृत महापौर प्रत्याशी हैं। भाजपा प्रत्याशी की आपत्ति पर विजय गोलछा का नामांकन रद्द किया गया है, जबकि विजय गोलछा का नाम निर्देशन पत्र विधिवत वैध है। अभ्यर्थी पूर्व में ठेकेदार रहा है, जिसका कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र भी नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा जारी किया गया है। अनुबंध दिनांक 02.06.2023 की अंतर्वस्तु में कही पर भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि उक्त अनुबंध दो वर्ष की अवधि के लिए है। विजय गोलछा पर नगर पालिका अधिनियम की धारा-17(2) लागू नहीं होती है। अंत कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनाव लड़ने की अनुमति प्रदान की जाए।

# महापौर पद के 12 और पार्षद के 111 प्रत्याशियों ने चुनाव से वापस लिए नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के लिए नामांकन भरने, स्क्रूटनी के बाद शुक्रवार को नाम वापस लेने की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। राजधानी से महापौर के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। इनमें से 12 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसी प्रकार 70 वार्डों के पार्षद पद के लिए 417 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था, जिनमें से 111 ने नाम वापस ले लिए हैं। इस तरह अब महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा, वहीं पार्षद पदों के लिए 306 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

**महापौर पद पर भाजपा-कांग्रेस सहित 10 दल एवं 6 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान पर**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम रायपुर में महापौर पद के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इन सभी प्रत्याशियों के नामांकन स्क्रूटनी में भी सही पाए गए थे। नाम वापसी का आज अंतिम दिन था, जिनमें से 12 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। इन प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों के कुल 10 प्रत्याशियों के अलावा 6 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है।

### पार्षद पद के लिए 122 निर्दलीय प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

नामांकन वापसी के बाद पार्षद पद के लिए नगर निगम के सभी 70 वार्डों में सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी से केवल 21 प्रत्याशी मैदान में है, जबकि बहुजन समाज पार्टी से सिर्फ एक प्रत्याशी ही चुनाव लड़ रहा है। पार्षद पद के लिए दूसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में है, जिनकी संख्या 122 है। इस तरह भाजपा और कांग्रेस के बाद निर्दलीय प्रत्याशी सबसे ज्यादा चुनाव में लड़ रहे हैं। हालांकि नामांकन वापस लेने वाले 111 में निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा है।

**चुनावी हलचल**

## भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू को मिला जनसमर्थन



रायपुर। नगर निगम रायपुर मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 में भारतीय जनता पार्टी ने अनुभवी भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू पर विश्वास जताते हुए उन्हें पार्षद पद का उम्मीदवार बनाया है। शुक्रवार को उन्होंने वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सघन जनसंपर्क कर वार्डवासियों के मध्य वार्ड के समुचित विकास के लिए अपने विचार रखे और अपनी पुरानी उपलब्धियों की चर्चा की। इस अवसर पर वार्ड के समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर महाराणा प्रताप गार्डन में विशाल रैली के रूप में वार्ड भ्रमण करते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचे। भाजपा और संतोष साहू के पक्ष में लगातार नारे लगते रहे, जिससे सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह लगातार बना रहा। इस अवसर पर भाजपा के पार्षद प्रत्याशी संतोष साहू के अलावा उनकी धर्मपत्नी सीमा साहू, हरीश ठाकुर, दीपक भारद्वाज (पोल्ले), पंकज प्रधान, गुरमीत टोनी, अजीत खूटा, रामजी सोनी, धनेंद्र साहू, बबलू पाठक, अमृत चौहान, गौरी राव, मैरी दीदी, कवल रंधावा, सुषमा निर्मलकर, सीता साहू, गोल्डी भईया के अलावा मदर टेरेसा वार्ड के समस्त भाजपा समर्पित कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

## ममता सोनू तिवारी ने किया जनसंपर्क, मिला भारी समर्थन



रायपुर। राजधानी रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव का मौसम है, और हर दिन के साथ चुनावी प्रचार अभियान और ज्यादा रफ्तार पकड़ रहा है, ऐसे में कुछ ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिनका व्यक्तित्व ही उनकी पहचान है, और प्रचार अभियान के दौरान मिलता जनसमर्थन उनकी जीत की गारंटी देता है। बात रायपुर के भक्त माता कर्मा वार्ड, वार्ड क्रमांक 67 हो रही है, जहां ममता सोनू तिवारी पर बीजेपी ने भरोसा जताया है और श्रीमती तिवारी इन दिनों सघन जनसंपर्क कर अपनी जीत की मजबूत दावेदारी ठोंक रही हैं। शुक्रवार को श्रीमति तिवारी के समर्थन में महिलाओं ने घर-घर पहुंचकर संपर्क अभियान चलाया, इस दौरान रैली भी निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं के साथ श्रीमति ममता सोनू तिवारी ने आम मतदाताओं से वार्ड की समस्याओं के समाधान पर बात की, साथ ही वार्ड की जरूरतों के लिहाज से उनकी योजनाओं की जानकारी भी दी, उल्लेखनीय बात ये रही कि जनसंपर्क के दौरान श्रीमति ममता सोनू तिवारी को आम मतदाताओं का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद भी मिला।

### कांग्रेस नेता जीतू बृजवानी समेत 20 का भाजपा प्रवेश



रायपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 की महत्वपूर्ण बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी की मौजूदगी में भाठागांव के कांग्रेस नेता जीतेंद्र बृजवानी के साथ 20 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रवेश किया।



## खबर संक्षेप

### तरपोंगी में भागवत कथा आज से

**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी बुधवारी बाजार चौक में 1 से 9 फरवरी तक संगीतमय भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। जिसके कथा वाचक पंड़ित गणेश प्रसाद तिवारी (बिरगांव वाले) हैं। कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक है। यह भागवत कथा ज्ञान दीप सत्संग समिति व समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित है।



### ट्रेलर की चपेट में आए अज्ञात युवक की मौत

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा सीजी ढाबा तुलसी के समीप एक अज्ञात लड़के की ट्रेलर (क्रेन) की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। जिसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। युवक की उम्र लगभग 17 वर्ष के आस पास आंकी जा रही है। मृतक नीले रंग का हाफ शर्ट और काला रंग का हाफ पेंट पहना हुआ है। तिल्दा नेवरा पुलिस ने अपील किया है की पहचान होने पर तिल्दा नेवरा थाने में संपर्क करें।



### जरौद में त्रि-दिवसीय कबीर साहेब सत्संग 3 से

**आरंग।** ग्राम जरौद (क) में 1 से 3 फरवरी तक त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर साहेब सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 1 फरवरी को दीप प्रज्ज्वलन, भजन एवं प्रवचन, 2 को प्रवचन एवं भजन व 3 को प्रवचन व भजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सत्संग का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे तक है।

### छटेरा में भागवत कथा 2 से

**आरंग।** ग्राम छटेरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सत्ता का आयोजन 2 से 9 फरवरी तक किया जा रहा है। यह आयोजन शिव सरोवर प्रांगण शिव सरोवर धाम के पास किया जा रहा है। प्रथम दिवस 2 फरवरी को कलश यात्र, बैठकी, महात्म्य कथा, 3 को श्री सुखदेव का आगमन, भीष्म पितामह प्रसंग, 04 को सृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र, 05 को समुद्र मंथन श्रीकृष्ण जन्म, 06 को बाल चरित्र, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का आयोजन, 07 को श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह, 08 को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं 09 को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी व शोभायात्रा के साथ कथा का समापन होगा।

### :: गुम सूचना ::

मैं डॉक्टर शुभम श्रीवास्तव निवासी आर. आर. 64 पार्थवी प्रोविंस सरोना रायपुर (छ. ग़) जो की मेरी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (BDS), चौधरी चरन सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ की मूल प्रति जिसका इनरोलमेंट क्रमांक M07103829 है जो कही गुम हो गई है। जिसकी नजदीकी थाना डीडी नगर में सूचना दे दी है। जिसे खोजने पर भी नही मिल रहा है। सो सूचना जानें।

**प्रार्थी**
**डॉक्टर शुभम -श्रीवास्तव, आर.आर. 64 पार्थवी प्रोविंस सरोना रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**निकाय चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए करुणा व शिवकुमार ने लिया नाम वापस**

# आरंग पालिका अध्यक्ष के लिए 6 एवं पार्षद पद के लिए 49 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के अंतर्गत नगर पालिका आरंग में शुक्रवार को नाम वापसी के बाद चुनावी परिदृश्य स्पष्ट हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 02 अभ्यर्थीयों के नाम वापसी के बाद अब 6 प्रत्याशियो के बीच मुकाबला होगा। शुक्रवार को 2 अभ्यर्थी करुणा रमेश तिवारी तथा शिवकुमार मारकंडे ने नाम वापस ले लिया है। अध्यक्ष पद प्रत्याशी एवं पार्षद पद के उमीदवारों इस प्रकार है अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मंगल मूर्ति अग्रवाल कांग्रेस, डॉ. संदीप जैन भाजपा, जनक राजू साहू (सिटी छाप) निर्दलीय, रमेश तिवारी (ट्रक छाप) निर्दलीय, श्रीकांत बंजारे (कांच का गिलास) निर्दलीय, कैलाश घृतलहरे (बाल्टी) निर्दलीय। वार्ड क्र. 01 में खिलावान निषाद कांग्रेस व रितेश साहू भाजपा में सीधा मुकाबला है। वार्ड क्र. 02 में पांच उम्मीदवार मैदान में है यहां रोचक मुकाबला है। इनमें राममोहन लोधी कांग्रेस, शैलेंद्र लोधी भाजपा, उमाकांत यादव शिवसेना, दाऊलाल लोधी नर्दलीय, दुर्गेश लोधी निर्दलीय है। वार्ड क्र. 03 में सीधा मुकाबला नरेंद्र लोधी भाजपा वसतीश लोधी कांग्रेस के बीच में है। वार्ड क्र. 04 में भी सीधा मुकाबला चेतन जलक्षत्री भाजपा व ईश्वर पटेल कांग्रेस के बीच में है। वार्ड क्र. 05 में दीक्षा सोनकर कांग्रेस व सरस्वती जलक्षत्री भाजपा के बीच में सीधा मुकाबला है। वार्ड क्र. 06 में कमला अशोक चंद्राकर भाजपा, लक्ष्मी दीपक चंद्राकर कांग्रेस और खुशबु शर्मा शिवसेना के बीच में त्रिकोणीय संघर्ष है। वार्ड क्र. 07 में समीर गोरी कांग्रेस और सुनील नेभवानी भाजपा में सीधा संघर्ष है। वार्ड क्र. 08 में भानमति राकेश सोनकर भाजपा, गौरी बाई देवांगन कांग्रेस और रेखा देवांगन निर्दलीय, सरोजनी गंगाराम साहू निर्दलीय में चतुष्कोणीय संघर्ष है। वार्ड क्र. 09 में त्रिकोणीय मुकाबला दिनेश्वर पप्पू तंबोली कांग्रेस, पुष्कर साहू भाजपा, राधेश्याम साहू निर्दलीय के बीच में है। वार्ड क्र. 10 में भी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। जिसमें कुलदीप कमल लोधी कांग्रेस, संतोष लोधी भाजपा, करण लोधी निर्दलीय है। वार्ड क्र. 11 में एक महिला उम्मीदवार की उपस्थिति ने मुकाबला को त्रिकोणीय बना दिया है। इनमें बलराम पाल कांग्रेस, वीरेंद्र गोलू कंडरा भाजपा, भानबाई ईश्वर निषाद निर्दलीय है।




### वार्ड 17 में चतुष्कोणीय मुकाबला

वार्ड क्र. 12 में तीन महिलाओं के बीच में त्रिकोणीय संघर्ष है। इनमें राजेश्वरी साहू कांग्रेस, सुनीता विनायक धुरंधर भाजपा, तुलसी निषाद निर्दलीय है। वार्ड क्र. 13 में सीधा मुकाबला अमरौतीन जय डहरिया कांग्रेस और चित्रलेखा विक्रम परमार भाजपा के बीच में है। वार्ड क्र. 14 में चतुष्कोणीय मुकाबला है। इनमें नागेश विश्वकर्मा भाजपा, शरद कुमार जीतू गुप्ता कांग्रेस, गजेंद्र दीपक निर्दलीय, मोहन दास मोनू निर्दलीय है। वार्ड क्र. 15 में ध्रुरव कुमार मिर्धा भाजपा और सुनील कुमार बघेल गोलू कांग्रेस के बीच में जोरदार सीधा मुकाबला रहेगा। वार्ड क्र. 16 में कमला मोरध्वज साहू कांग्रेस, सेवती तोषण साहू भाजपा और लुकेश्वरी यादव निर्दलीय में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। वार्ड क्र. 17 में चार उम्मीदवार रहने से गणेश बांधे कांग्रेस, हिरामन कोसले भाजपा, धर्मेंद्र धृतलहरे निर्दलीय, सतनाम सिंग भरद्वाज निर्दलीय के बीच में चतुष्कोणीय मुकाबला रहेगा।

### 7 वार्डों में दो-दो प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर

पार्षद पद के लिए वार्ड क्र. 02 से जय नारायण लोधी, वार्ड क्र. 04 से महेंद्र यादव, वार्ड क्र. 10 से सूरज लोधी, वार्ड क्र. 12 से अंजू पाल वार्ड क्र. 14 से बसंती साहू तथा वार्ड क्र. 17 से योगेश घृतलहरे अपना नाम वापस लेकर चुनाव मैदान से हट गए। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 06 तथा पार्षद पद के लिए 17 वार्डों में 49 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। 06 वार्डो में त्रिकोणीय संघर्ष, 03 वार्डो में चतुष्कोणीय संघर्ष, 07 वार्डो में दो-दो प्रत्याशियों के बीच सीधा टक्कर तथा एक वार्ड क्र. 02 में पांच प्रत्याशियों के बीच टक्कर होगी।

# नाम वापसी के बाद 4 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर में संपन्न हो रहे चुनाव में नाम वापसी के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों की सूची चुनाव चिन्ह सहित जारी कर दी गई है। अध्यक्ष के लिए भारतीय जनता पार्टी से शिवनारायण बघेल व कांग्रेस पार्टी से उत्त्रसेन गहिरवारे, निर्दलीय प्रत्याशी राधाकृष्ण टंडन, कमलेश कुमार बंजारे सहित कुल 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

वहीं पार्षद के लिए वार्ड नंबर 1 से भाजपा से लिलेश कुमार सिन्हा, कांग्रेस डोमेन्द्र साहू, निर्दलीय मुरारी दास वैष्णव, राकेश कुमार, वार्ड नं. 2 भाजपा गब्बू ध्रुव, कांग्रेस विनोद ध्रुव, वार्ड 3 भाजपा संध्या हेमंत तारक, कांग्रेस महेश्वरी वैष्णव, वार्ड 4 भाजपा चंपा लेदेकर, कांग्रेस शांतिबाई मांडे, वार्ड 5 भाजपा रवि बघेल, कांग्रेस नामदास गिलहरे, निर्दलीय आसकरण गिलहरे, दिनेश बंजारे, हेमंत कुमार डहरजी, मनोज टंडन, वार्ड 6 भाजपा गुनीलाल साहू, कांग्रेस विरेन्द्र प्रताप सिन्हा, निर्दलीय मोहितराज सिन्हा, वार्ड 7 भाजपा सीमा पप्पू सिंह ठाकुर, कांग्रेस गंगाकौर हिम्मत सिंह, निर्दलीय ललिता देवनारायण साहू, वार्ड 8 भाजपा किशन शर्मा, कांग्रेस बलविंदर सिंह गांधी, वार्ड 9 भाजपा मीना साहू, कांग्रेस रेणुका साहू, निर्दलीय दौपती सिन्हा, हेमलता साहू, शारदा यादव, वार्ड 10 भाजपा रूपनारायण साहू, कांग्रेस सुनील चन्द्राकर, आप पाटी रमेश तारक, निर्दलीय इमरान खान, कुलदीप अग्रवाल, वार्ड 11 भाजपा मोहन टंडन, कांग्रेस बीरबल दास टंडन, आप पार्टी विष्णु मिर्चे, निर्दलीय दर्शन मिरी, मदन गिलहरे, वार्ड 12 भाजपा कुंदन बघेल, कांग्रेस नीलकमल गिलहरे, निर्दलीय हरेश बघेल, वार्ड 13 भाजपा दलजीत रोमी चांवला, कांग्रेस सुशीला हरवंश, आप पार्टी डॉ. चंन्द्राकर, निर्दलीय नारायण साहू, वार्ड 14 भाजपा चेतना गुप्ता, कांग्रेस दीक्षा राठी, निर्दलीय कुमारी लक्ष्मी शर्मा, वार्ड 15 भाजपा राजा राय, कांग्रेस रानू राठी चुनाव मैदान में है। वहीं वार्ड नं. 2 से पार्षद प्रत्याशी धमेन्द्र ध्रुव एवं वार्ड 9 में महमूद खान केवल दो लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है।

# मढ़ी में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोता

**सिलयारी।** ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर शुक्रवार को कथावाचिका भागवत मर्मज्ञा पूज्या श्रद्धा दीदी सिमगा वाली ने कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से गीता प्रवचन, यज्ञ हवन, व्यास एवं देव विदाई पर व्याख्यान दिया। कहा कि, जो ज्ञान हृदय में स्थिर रहे वही गीता है। जो अपना धर्म समझ गया वह गीता को समझ गया। मानव का अपना धर्म है। मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए। भागवत कथा के अंतिम दिन गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, यज्ञ हवन, कपिल तर्पण के साथ ही आम भंडारा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी तरह अनुष्ठान में भी लोगों ने सहभागिता निभाई। कपिल तर्पण के सतधरा जल से उपस्थित जन समूह को पंडित जी ने छिड़काव किया। कथा व्यास ने हवन पूर्णाहुति में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को प्रमाण किया। भावविभोर का वह क्षण भी आया जब कथावाचिका जी ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब भी यहां कोई प्रवचनकर्ता, साधुसंत पहुंचे तो उनका भी वैसा ही स्वागत सम्मान करना जैसा उनका किए हैं। कथा व्यास ने कहा कि, वैभव प्राप्त करना है तो अपने जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा। हवन-पूजन के बाद भागवत भगवान के भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोग महाप्रसादी लेने कथा स्थल पहुंचते रहे। इस विशाल आयोजन में लोग स्वतः ही भंडारा में अपनी सहभागिता निभा रहे थे। अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और शाम चार बजे भगवान भागवत भाष्कर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। 23 से 31 जनवरी तक चली भागवत कथा में गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे थे। परायणकर्ता पंडित राहुल तिवारी पंडरिया वाले थे।



# मृत्यु के भय से मुक्त करती है भागवत कथा : आचार्य संजय

**धरसींवां।** समीपस्थ ग्राम चरौदा 31 जनवरी से 8 फरवरी तक वर्मा परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा वाचक आचार्य संजय शर्मा, निनवा वाले श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करा रहे है। कथा के प्रथम दिन शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात आचार्य शर्मा ने भागवत कथा की महिमा और गोकर्ण महात्म्य से भागवत कथा श्री गणेश किए। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मानव मन में परमात्मा के प्रति प्रेम और भक्ति का उदय होने के साथ आचरण शुद्ध होता है। उन्होंने आचारवान पुरुषों वेदः सूक्ति का विवेचन करते हुए कहा कि आचरणवान पुरुष चलता-फिरता वेद रूप होता है और भगवान की कथा मनुष्य को यह स्वरूप प्रदान करने में पूर्ण समर्थ है। श्री सच्चिदानंद का शाब्दिक विग्रह करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान सर्वकालिक, चैतन्य और ज्ञान वान हैं। संसार के सभी सुख अस्थायी और क्षणभंगुर हैं किंतु ईश्वर के सानिध्य से प्राप्त होने वाला सुख शाश्वत होता है। श्रीमद् भागवत कथा अंधकार से प्रकाश अर्थात अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाती है। भगवान की कथा और सत्संग की शक्ति से मनुष्य का स्वभाव समाज में प्रशंसनीय हो जाता है। भागवत कथा मे भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों का समावेश होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव को मृत्यु के भय से मुक्त कर देती है। जीव ईश्वर का स्वरूप होते हुए भी ईश्वर को पहचानने का प्रयत्न नहीं करता है। इसी कारण उसे आंनद की प्राप्ति नहीं होती है। भागवत ज्ञान, वैराग्य को जागृत करने की कथा है।





### *जो भगवान का भजन न करें वह भाग्यहीन*

*इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। भगवान इस धरती पर बार-बार इसलिए आते हैं ताकि हम कलयुग में उनकी कथाओं का आनंद ले सकें और कथाओं के माध्यम से अपना चित्त शुद्ध कर सकें। कोई भी अच्छी बात कहे चाहे वह छोटा हो या बड़ा हो तो उसकी बात मानना चाहिए। वक्त और वक्ता में से वक्ता से सुधर जाओगे तो कभी बुरा वक्त नहीं आएगा। मन को गुरु बनाया तो मन की सुनोगे और मनमानी करोगे इसलिए मन मुखी नहीं हमेशा गुरुमुखी बनो। वह तुम्हें हमेशा सही रास्ता दिखाएगा।*

# कांग्रेस नेत्री ने किया भाजपा प्रवेश

**आरंग।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2025 को लेकर नगर पालिका परिषद आरंग का चुनावी बिसात बिछ चुका है। नाम वापसी के अंतिम दिवस पर शुक्रवार को कांग्रेस नेत्री बसंती साहू ने भारतीय जनता पार्टी के रीति–नीति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास कार्यो एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब से प्रभावित होकर भाजपा में आने का मन बनाया। उन्होने भाजपा आरंग मण्डल के अध्यक्ष देवनाथ साहू के समक्ष, लल्ला साहनी भाजपा आरंग नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व, दिलीप जलक्षत्री, वेदप्रकाश देवांगन, तुषार भार्गव, नागेश विश्वकर्मा, खुबचंद साहू के उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के पदाधिकारियो ने भाजपा प्रवेश पर उनका अभिनंदन किया। बतादें की बसंती साहू वर्तमान में कांग्रेस से कार्यकारणी सदस्य, पूर्व में महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आरंग शहर, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव रही है। उन्होंने भाजपा प्रवेश पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजश्री दिलाने प्रचार-प्रसार करने की बात कही।



# नाम वापसी के बाद नपा अध्यक्ष पद के लिए 7 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका चुनाव के लिए आज नाम वापसी के बाद पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा, कांग्रेस प्रत्याशियों सहित कुल 7 लोग चुनाव लड़ेंगे। रात तक अध्यक्ष पद सहित पार्षद पद के सभी लोगों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 1 से 3 लोग चुनावी मैदान में है, वार्ड 2 से 3, वार्ड 3 से 4, वार्ड क्रमांक 4 से 2, वार्ड 5 से 2, वार्ड 6 से 5, वार्ड 7 से 4, वार्ड 8 से 5, वार्ड 9 से 2, वार्ड 10 से 4, वार्ड 11 से 4, वार्ड 12 से 3, वार्ड 13 से 2, वार्ड 14 से 3, वार्ड 15 से 2, वार्ड 16 से 4, वार्ड 17 से 4, वार्ड 18 से 4, वार्ड 19 से 6, वार्ड 20 से 4, वार्ड 21 से 5, वार्ड नंबर 22 से 3 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी निर्दलीय अभ्यर्थियों को भी चुनाव चिन्ह देर रात तक जारी किया जाएगा।

पेज 11 के शेष...

### 25 हजार तक पहुंचा...

मार्ग तय कर आना पड़ रहा है। कोई प्रयागराज से बनारस तक आ रहा है, तो कोई प्रयागराज से अंबिकापुर पहुंच रहा है। रायपुर से प्रयागराज गए लोगों ने बताया कि वहां प्रशासन ने शहर को नो ट्रैफिक जोन बना दिया है। संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है। वहीं प्रयागराज से वापसी के लिए रायपुर तक का किराया टैक्सी वाले 25 हजार रुपए तक मांग रहे हैं। होटल का कमरा जिसका किराया 1000 रुपए था, वह अब चार गुना यानी 4000 रुपए हो गया है।

### 10 लाख की आबादी...

अवशेष के निपटान, वायु गुणवत्ता स्तर और जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन जैसे कई मापदंडों के आधार पर यह सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण में रायपुर को 177.5 पाइंट दिए गए हैं। इस तरह स्वच्छ वायु वाले 41 शहरों में रायपुर देश में टॉप टेन में भी शामिल है। नगर निगम रायपुर के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डा. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर अंतर विभागीय समन्वय के आधार पर बीरगांव और रायपुर नगर निगम, पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीएसआईडीसी, परिवहन, यातायात और पुलिस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। धूल कम करने निरंतर जल छिड़काव, बीटी व सीसी सड़क निर्माण, एंड टू एंड पेविंग, सी एंड डी प्रोसेसिंग प्लांट से निर्माण व विध्वंस अवशेष को पुनः उपयोगी बनाने के साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण सहित कई नवाचारों पर इस बार फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा यांत्रिक विधि से रात्रिकालीन सड़क सफाई का दायरा 152 किमी तक बढ़ाया गया है। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है। जागरूकता कार्यकर्मों के तहत रणनीति आधारित आईईसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का लाभ इस सर्वेक्षण में रायपुर को मिला है।

### गुमशुदा



**नाम- खुशबू राजपूत,** पति-चंद्रप्रकाश राजपूत, उम्र-20 साल, पता-तुलसीपुर साधूचाल राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, लंबाई- 5 फिट, रंग- गोरा, आंख के नीचे काले धब्बे हैं और चश्मा लगाती है। उपरोक्त खुशबू राजपूत अपने घर से दिनांक 22/01/2025 को शाम 6 बजे अपने घर से बाहर निकली है और अभी तक घर लौट कर नहीं आई है इनकी शादी एक साल पहले हो चुकी है। जिस व्यक्ति को उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कुछ जानकारी हो, इस नंबर पर हमें संपर्क करे

**संपर्क करें**
**पति- मो. 9827073844**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 20.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक गुप्ता पिता/पति रामदास गुप्ता निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम खुटेरी पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 97 रकबा 0.980 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 22.01.2025 के परिपालन में दिनांक 04.02.2025 को समय 02 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 15 के खुटेरी में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

मैं, नौशीन परवीन, पति जावेद अख्तर, निवासी चांदनी चौक, एस. के. टेलर, नेहरू, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), शपथपूर्वक यह घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 25.08.2024 को हुआ था, जिसका जन्म प्रमाणपत्र क्रमांक B202422902010002464 है।

उक्त जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र का नाम "जोहान अख्तर (Zohan Akhtar)" दर्ज हो गया है, जिसे मैं बदलकर "हमजा अख्तर (Hamza Akhtar)" रखना चाहती हूँ। अतः, मैं संबंधित विभाग से अनुरोध करती हूँ कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में नाम परिवर्तन कर "हमजा अख्तर (Hamza Akhtar)" दर्ज किया जाए।

भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम "हमजा अख्तर" से जाना, पहचाना व पढ़ाया जाएगा।

**नौशीन परवीन**
**पिता श्री मोहम्मद रज्जाक**
**निवासीः चांदनी चौक, एस. के. टेलर, नेहरू, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.**

रा.प्र.क्र......... /अ-74/
सारागांव दिनांक 24/01/2025

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केशरीलाल कश्यप पिता मनराखन निवासी- ग्राम सिलयारी रायपुर द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम सिलयारी कुरूद प.ह.न.-07 रा.नि.मं. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद, तहसील धरसींवा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 207/2 शामिल 207/3. 208 रकबा 0.0800 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कही गुम हो गया है। अतः आवेदित भूमि के संबंध में आवेदक द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 07/02/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर छ.ग.**



### बच्चों को विटामिन ए व आयरन की पिलाई दवा

**आरंग।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 21 जनवरी से 21 फरवरी तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा विभिन्न वार्ड में शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 13 डीडी कॉलोनी दुर्गा में मंच के पास शिविर लगाकर शिशु संरक्षण माह मनाया गया। इसमें बच्चों को विटामिन ए और आयरन की दवाई पिलाया गया। इस कार्यक्रम में भीमदेव मनहरे स्वास्थ्य कार्यकर्ता, परमेश्वरी यादव मितानिन, खेमलता जलक्षत्री मितानिन उपस्थित रहकर वार्ड के चार बच्चों को विटामिन ए और आयरन का सिरप पिलाया गया। यहां बता दे कि मितानिन के द्वारा घर–घर जाकर आयरन विटामिन ए एवं अन्य जो बच्चों में कमी होती है उसे ध्यान में रख व जानकारी लेकर बच्चों को दवा दी जाती है।




# बजट में महंगाई से राहत और दस लाख तक आयकर में छूट की बड़ी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय बजट शनिवार को पेश होने वाला है। इस बार के बजट से आम जनता और व्यापारिक संस्थानों को क्या उम्मीद है और वे क्या चाहते हैं, इसको जानने के लिए आईएनएच और हरिभूमि ने बजट पर चर्चा करके जानने का प्रयास किया है कि लोग क्या चाहते हैं। इस समय लोग सबसे ज्यादा परेशान महंगाई से हैं।

- आईएनएच और हरिभूमि ने बजट से पहले जानी व्यापारिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और आम जनता की बजट से उम्मीद

पेट्रोल-डीजल को लोग चाहते हैं जीएसटी के दायरे में लाया जाए। महंगाई से राहत मिले। आयकर में भी दस लाख तक टैक्स न लगे। इसी के साथ व्यापारिक वर्ग भी अपनी तरफ से कई तरह की मांगे कर रहा है। जहां छोटी कारों और बाइक में जीएसटी को कम करने की मांग है, वहीं आभूषणों के निर्माण पर भी जीएसटी कम करने की मांग है। सोने और चांदी पर आयात भी कम करने की मांग है। डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वाइप का टैक्स समाप्त करने की भी मांग है। आईएनएच की चर्चा में चैंबर ऑफ कामर्स के अमर पारवानी, भाजपा नेता नरेश गुप्ता और कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल को सामने रखकर बाकी लोगों के साथ चर्चा की गई। आयकर को लेकर सभी का एक स्वर में मानना है कि इसमें बड़ी राहत देते हुए दस लाख तक टैक्स को समाप्त करना चाहिए। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी कहते हैं दस लाख तक टैक्स शून्य करने से माध्यम वर्ग को इससे बड़ी राहत मिलेगी। श्री पारवानी कहते हैं एक अहम सुझाव यह है कि खरीदी पर ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर जो टैक्स लगता है, उसको समाप्त करना चाहिए। शुल्क लगने के कारण ग्राहक डिजिटल भुगतान से कतराते हैं। इसी के साथ टैक्स आडिट की सीमा को एक करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करना चाहिए। धारा 80 सी की लिमिट डेढ़ लाख से बढ़ाकर तीन लाख करनी चाहिए।



हरिभूमि - आईएनएच

### एक करोड़ तक टैक्स में राहत

स्टील उद्योग की तरफ से एक करोड़ तक के टैक्स में राहत की मांग रखी गई है। इधर फाड़ा के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया का कहना है, छोटे वाहन जिसमें कम कीमत की कारें और बाइक शामिल हैं, इन पर लगने वाली 28 फीसदी जीएसटी को कम करके 18 प्रतिशत करना चाहिए। ये वाहन मध्यम वर्ग लेते हैं, इनको इससे बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह से कॉर्पोरेट टैक्स की तरह की पार्टनरशिप टैक्स पर भी 25 फीसदी टैक्स होना चाहिए, अभी पार्टनरशिप पर 32 फीसदी टैक्स लगता है। इसी के साथ और कई अहम सुझाव हमारी तरफ से गए हैं।

### हरिभूमि/आईएनएच न्यूज की विशेष चर्चा



*चुंगी कर समाप्त होना चाहिए : डुमरतराई थोक सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी का कहना है, चुंगी कर समाप्त होना चाहिए। सड़के भी बहुत खराब है, इसके बाद ऐसा कर नहीं लगना चाहिए।*
*पेट्रोल-डीजल जीएसटी में शामिल हो : कांग्रेस के नेता कन्हैया अग्रवाल ने चर्चा करते हुए कहा, पेट्रोल और डीजल पर 50 फीसदी तक टैक्स लगता है। इसके कारण आम जनता परेशान है। लगातार इस पर टैक्स करने की मांग के बाद भी इस पर टैक्स कम नहीं किया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल के कारण महंगाई भी बढ़ जाती है। पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम होना चाहिए। चर्चा में पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग की गई।*

### आभूषणों के निर्माण पर जीएसटी हो कम

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा ने कहा, डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान को लेकर जो टैक्स लगता है, उसको समाप्त करना चाहिए। इसी के साथ सोने और चांदी पर आयात शुल्क को छह से कम करके चार फीसदी करना चाहिए। सोने की तरह चांदी को भी हॉलमार्किंग के लिए अनिवार्य करना चाहिए। आभूषणों के निर्माण पर लगने वाली जीएसटी को पांच से कम करके तीन फीसदी करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### निकाय चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देगी जोगी कांग्रेस

**रायपुर।** जोगी कांग्रेस राज्य में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को जोगी कांग्रेस सुप्रीमो डॉ.रेणु जोगी और पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी द्वारा लिखित समर्थन पत्र सौंपा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया, छत्तीसगढ़ की एक मात्र क्षेत्रीय राजनीतिक दल छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की कोर कमिटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है।

### भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने बृजमोहन ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

**रायपुर।** गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाए जाने के बाद भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री वन एवं पर्यावरण भूपेंद्र यादव को 23 नवंबर 2024 को पत्र लिखा है। सांसद के पत्र के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया है कि भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने उनके मंत्रालय ने 17 दिसंबर 2024 को वन विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने की जानकारी दी है। अलग राज्य बनने से पूर्व भोरमदेव कान्हा टाइगर रिजर्व का हिस्सा था।

### लक्ष्य से 11 लाख टन कम खरीदी हो पाई

# धान खरीदी पूरी, किसानों ने इस सीजन में बेचा 149 मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत पिछले साल 14 नवंबर से होने के बाद 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की गई। इस पूरी अवधि में राज्य के 25 लाख 48 हजार किसानों ने 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। हालांकि राज्य शासन ने 2024-25 के लिए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था। धान बेचने के लिए करीब साढ़े 27 लाख किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन सोसाइटियों में आकर धान बेचने वाले किसानों की संख्या 25 लाख 48 हजार के आसपास रही है। अब किसानों को फरवरी के दूसरे हफ्ते में धान बिक्री के अंतर की राशि सरकार अदा करेगी।

यह जानकारी खाद्य विभाग के रिकार्ड के अनुसार 31 जनवरी शाम 7 बजे तक की है, लेकिन धान खरीदी का अंतिम आंकड़ा रात 12 बजे तक आने की संभावना है। हालांकि इस आंकड़े में अब कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस आधार पर ये साफ होता है कि इस साल लक्ष्य के मुकाबले करीब 11 लाख मीट्रिक टन धान कम खरीदा जा सका है। इसी तरह दो लाख के आसपास किसान धान बेचने ही नहीं आए। जानकारों की मानें, तो प्रायः हर साल एक-दो लाख किसान धान बेचने नहीं आते, जबकि इनका पंजीयन होता है।

### दो लाख किसान धान बेचने नहीं आए



### आखिरी दिन साढ़े 20 हजार ने बेचा धान

राज्य में धान खरीदी के दिनों में दिसंबर-जनवरी में हर दिन बड़ी संख्या में किसान धान बेचने आते हैं। एक दिन में राज्य में यह संख्या हजारों में होती है। लेकिन 31 जनवरी का दिन धान खरीदी का आखिरी दिन था। इस दिन प्रदेश भर के सभी जिलों में कुल मिलाकर 20 हजार 624 किसानों ने धान बेचा। आखिरी दिनों में धान खरीदी कम होने के सवाल पर एक सोसायटी कर्मी ने बताया कि किसानों के पास धान बचा ही नहीं होने के कारण न उन्होंने टोकन लिया न बेचने आए।

### फरवरी के दूसरे हफ्ते में मिलेगी अंतर की राशि

राज्य सरकार ने पूरे सीजन में किसानों से जो धान खरीदा है, उसके एवज में केंद्र सरकार द्वारा तय एमएसपी की राशि 2300 रुपए क्विंटल के हिसाब से अदा कर दी गई है। राज्य की भाजपा सरकार ने किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी का वादा किया था, इस हिसाब से अब किसानों को धान के अंतर मूल्य की राशि फरवरी के दूसरे सप्ताह में दी जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहले ही घोषणा कर चुके हैं।

### इस साल धान में भारी सूखत की आशंका

राज्य में इस साल धान में सूखत से वजह कम होना तय माना जा रहा है। दरअसल सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी शुरु कर दी थी। लेकिन उस समय राइस मिलरों की हड़ताल की वजह से धान का परिवहन(उठाव) नहीं हो पा रहा था। बाद में जब सरकार ने मिलरों की बात मानी तो उन्होंने काम शुरु किया और खरीदी केंद्रों से उठाव शुरु किया। इसकी वजह से सोसायटियों में धान की बड़ी मात्रा जमा हो गई है। 31 जनवरी की स्थिति में उपार्जन केंद्रों में 49 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। सोसायटी संचालकों का कहना है कि दो-ढाई महीनों से धान सोसाटियों में जमा है। जब धान खरीदी का गया था तब उसमें नमी की मात्रा 17 प्रतिशत थी, लेकिन दो ढाई महीनों की गरमी और हवा खाकर धान सूखा है, इसकी वजह से धान के वजन में कमी आती है। यह नुकसान सोसायटियों के हिस्से में आता है।

# रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 1 मार्च से, पहली बार स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र नहीं होंगे इसका हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं इस बार एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। ऐसा पहली बार होगा जब इस वार्षिक परीक्षाओं का हिस्सा स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी नहीं होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने के बाद प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सेमेस्टर पद्धति पर हो रही हैं। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो गई हैं। अधिकतर विषयों की परीक्षाएं समाप्ति पर हैं। वहीं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में होंगी।

रविवि ने जो समय-सारिणी जारी की है, उसमें स्नातक स्तर पर द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षाओं का जिक्र है। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर भी केवल द्वितीय वर्ष का ही उल्लेख किया गया है, क्योंकि स्नातकोत्तर स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए मौजूदा शैक्षणिक सत्र से लागू कर दी गई है। उन्हें भी वार्षिक के स्थान पर सेमेस्टर आधार पर परीक्षाएं दिलानी पड़ रही हैं।



- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम वर्ष की परीक्षाएं हो रही हैं सेमेस्टर प्रणाली से
- केवल द्वितीय और तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए ही वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन

### केवल पूरक परीक्षार्थियों को सुविधा

किसी भी छात्र के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के दौरान जो नियम लागू रहते हैं, वहीं नियम पढ़ाई पूर्ण करने तक उक्त छात्र के लिए लागू रहते हैं। जिन छात्रों ने पिछले सत्र में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं दिलाई थी, किंतु अनुत्तीर्ण हो गए अथवा पूरक श्रेणी में आ गए केवल उन्हीं प्रथम वर्ष विद्यार्थियों के लिए वर्तमान वार्षिक परीक्षाओं में समय निर्धारित किए गए हैं। ये विद्यार्थी जब तब उत्तीर्ण नहीं हो जाते, तब तक इनके लिए वार्षिक परीक्षा पद्धति ही लागू रहेगी।

### मई तक चलेंगी परीक्षाएं

रविवि द्वारा जारी की गई समय-सारिणी महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 8 मई को समाप्त होंगी। अधिकतर कक्षाओं की परीक्षाएं अप्रैल माह में ही समाप्त हो जाएंगी। एमए दर्शनशास्त्र और एमए भाषा विज्ञान की ही परीक्षाएं मई माह में समाप्त होंगी। सभी कक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया रविवि द्वारा पहले ही पूर्ण की जा चुकी हैं।

## कलेक्टोरेट में हेलमेट को लेकर दोहरा मापदंड



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों का अंदर प्रवेश वर्जित है। इसके विपरीत कलेक्टोरेट में खास वर्ग के लोग बगैर हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाते कलेक्टोरेट के अंदर आवाजाही करते देखे जा सकते हैं। शिकायत मिलने पर हरिभूमि की टीम ने इस बात की पड़ताल की, तो वहां बगैर हेलमेट पहने कुछ दोपहिया वाहन चलाते लोगों को कलेक्टोरेट के अंदर जाने के साथ आते देखा। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक पुलिस से सवाल करने पर ट्रैफिक पुलिस के जवान गोल-मोल जवाब देते दिखे। ट्रैफिक पुलिस ने एक्सीडेंट रोकने शहर के आउटर में दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने समझाइश देने के साथ पकड़े जाने पर हेलमेट पहन दोपहिया वाहन चलाने निर्देश दिए। इसके लिए बगैर हेलमेट वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने पत्र भी भरवाये। शासन के निर्देश के विपरीत खास वर्ग के लोग बगैर हेलमेट कलेक्टोरेट में दोपहिया से आवाजाही करते देखे जा सकते हैं। इसमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## एमडी-एमएस की 212 सीटें खाली, इनमें 95 सरकारी मेडिकल कालेजों की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पिछले तीन-चार माह से एमडी-एमएस की 212 सीटों में प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड में उम्मीदवारों से संस्था चयन का काम शुरू कर दिया गया है, जो तीन फरवरी तक पूरा होगा। इसके बाद सीट अलॉटमेंट और स्क्रूटनी तथा एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। दो राउंड के बाद प्रदेश के सरकारी कालेजों में 95 और निजी कालेजों में 117 सीटें खाली हैं जो एक बड़ी संख्या है।

- मॉपअप राउंड, तीन फरवरी तक संस्था चयन की सुविधा

वर्ष 2023 में जीरो परसेंटाइल किए जाने ने नॉनक्लीनिकल की लगभग पूरी सीटें भर गई थीं। इस बार एनएमसी द्वारा खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए सामान्य वर्ग के लिए 15 और आरक्षित वर्ग के लिए 10 परसेंटाइल किया गया है। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय और निजी कालेजों में एमडी-एमएस की खाली सीटों में एडमिशन दिया जाना है। पूर्व में उम्मीदवारों द्वारा किए गए च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया शिथिल हो चुकी है, अब मॉपअप राउंड के लिए संस्था चयन का काम प्रारंभ किया गया है, जिसके लिए अंतिम तारीख 3 फरवरी निर्धारित की गई है। दो चरण के एडमिशन के बाद प्रदेश में 211 सीटें खाली हैं। इसमें रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज की 34, बिलासपुर की 22, जगदलपुर की 9, राजनांदगांव की 6, अंबिकापुर की 13 तथा रायगढ़ की 11 सीटें शामिल हैं। निजी चिकित्सा महाविद्यालय शंकराचार्य की 38, रिम्स की 37 तथा श्री बालाजी मेडिकल कालेज की 42 सीटों में भी एडमिशन दिया जाना है। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीटें खाली रहने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्ट्रे वैकेंसी राउंड के लिए भी पात्र और अपात्र उम्मीदवारों के लिए नियम का निर्धारण किया गया है।

## एग्जाम सेंटर से मूल्यांकन कक्ष तक नहीं पहुंची उत्तरपुस्तिकाएं, रास्ते में गुम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष शिक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल बांधने विशेष तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है। ऐसा पिछले वर्ष की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी के बाद किया जा रहा है। दरअसल, पिछले शैक्षणिक सत्र में स्कूलों द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की बंडल की पैकिंग उचित तरह से नहीं किए जाने के कारण कई छात्रों की कॉपियां मूल्यांकन केंद्र तक पहुंची ही नहीं। अर्थात रास्ते में ही ये कहीं गिर गईं अथवा गुम हो गई।

इस घटना को माशिम द्वारा तत्कालीन रूप से सार्वजनिक नहीं किया गया था। अब इस घटना के आधार पर प्रशिक्षण दिए जाने के बाद यह घटना सामने आई है। जिन विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं गुमी उन्हें अन्य विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर औसत अंक निकालकर उस विषय में अंक दे दिए गए।



*दुर्ग, पेंड्रा और कांकेर में हुई थी लापरवाही : माशिम द्वारा पिछले वर्ष मूल्यांकन के लिए 36 केंद्र बनाए गए थे। इस बार भी माशिम ने 36 केंद्र ही बनाए हैं। जिन केंद्रों तक उत्तरपुस्तिकाएं नहीं पहुंची उनमें दुर्ग, पेंड्रा और कांकेर में बनाए गए केंद्र शामिल हैं। मूल्यांकन केंद्र अधिकारियों ने जब स्कूलों से संपर्क किया तो उनका कहना था कि उन्होंने उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित कर दी हैं, जबकि मूल्यांकन केंद्राध्यक्षों का तर्क था कि उन्हें कॉपियां मिली ही नहीं हैं।*

## बिजनेस साइट

### जीके जेसीबी ने लॉन्च किया बीएस-5 बैकहो लोडर



**रायपुर।** देश की प्रमुख कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माता कंपनी जेसीबी के साउथ छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ क्षेत्र के अधिकृत डीलर जीके जेसीबी ने अपनी नई बैकहो लोडर सीरीज बीएस-5 का अनावरण रायपुर के राडा ऑटो एक्सपो में किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी और राडा के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बीएस-5 बैकहो लोडर में नई तकनीक को शामिल किया गया है, जो अब 12% तक ईंधन खपत कम करने में सक्षम है। जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी और पुनीत पारवानी ने ग्राहकों को विश्वास दिलाया कि यह मशीन उनके व्यवसाय के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर जेसीबी कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर शिवदत्त तिवारी, अभिषेक तिवारी, एरिया सर्विस मैनेजर दलजीत सिंह और जीके जेसीबी के जीएम सेल्स रविकांत वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने मशीन की विशेषताओं और उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की। ग्राहकों में इस नए बैकहो लोडर के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही थी और कार्यक्रम के दौरान 7 ग्राहकों ने अग्रिम बुकिंग भी कराई।

### ऑटो एक्सपो में जयका ऑटोमोबाइल्स के कमर्शियल व्हीकल स्टॉल ने मचाई धूम



**रायपुर।** जयका ऑटोमोबाइल्स एण्ड फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो में अपने कमर्शियल व्हीकल स्टॉल के साथ धूम मचाई। 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले इस एक्सपो में जयका ऑटोमोबाइल्स के स्टॉल ने एक नया और अनोखा रूप लिया है।

स्टॉल को एक 'ढाबा' की थीम पर डिजाइन किया गया है, जिसमें ढाबे में इस्तेमाल होने वाली खाट, लकड़ी की बेंच, टेबल और हरियाली से सजे पेड़-पौधों के साथ-साथ सोलर लालटेन और झालर लाइट्स ने आकर्षण का केंद्र बना दिया। यहां आने वाले ग्राहक कुल्हड़ चाय का आनंद लेते हुए आराम से बैठ सकते हैं और टाटा वाहनों की विस्तृत रेंज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जयका ऑटोमोबाइल्स का यह स्टॉल न केवल अपने ग्राहकों को टाटा वाहनों के बारे में जानकारी दे रहा है, बल्कि उनके लिए एक खास अनुभव भी प्रदान कर रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

### मजदूर के पेट में घुसा बांस, श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने ऑपरेशन से बचाई जान

**रायपुर।** मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक मजदूर का सफल ऑपरेशन किया। दरअसल, जशपुर निवासी मजदूर काम करते समय फिसलकर 15 फीट लंबा बांस पेट में घुस गया। बांस पेट को चीरते हुए बाहर निकल गया और मरीज को गंभीर स्थिति में एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉ. पुष्पेंद्र नायक के नेतृत्व में ऑपरेशन किया गया। मरीज की हालत गंभीर थी और उसका रक्तचाप भी न के बराबर था। डॉक्टरों ने पहले उसे स्थिर किया, फिर बांस को काटने के लिए ऑपरेशन थिएटर में एक कारपेंटर की मदद ली। इसके बाद डॉ. पुष्पेंद्र नायक, डॉ. सूरज जाजू, डॉ. नेताजी गरड़ और अन्य विशेषज्ञों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। अब मरीज की हालत में सुधार हो रहा है और उसे जल्द ही डिस्चार्ज किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15, 16, 17 फरवरी 2025, 20, 21, 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट), नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड
सहयोग राशि- 8100/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

02



शोधार्थियों ने देखी सिरपुर और मल्हार से...


लाइव इवेंट

## श्रम और कठिनाई से गुजरकर ही मिलती है असल सफलता



**रायपुर।** इंदिरा यूनिवर्सिटी में आयोजित लीडरशिप अवॉर्ड्स में युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई दिशा दिखाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने शिरकत की और अपने जीवन के संघर्षों और सफलता के अनुभवों को साझा किया। राजपाल यादव ने युवाओं से कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों और संघर्षों को गले लगाना ही असल सफलता की ओर बढ़ने का रास्ता है। जो व्यक्ति बिना संघर्ष के सफलता की राह पर चलता है, वह केवल चमत्कारी परिणाम की उम्मीद करता है, लेकिन असल में सफलता वह है, जो परिश्रम और कठिनाइयों से गुजरने के बाद प्राप्त होती है।

### कभी नहीं सोचा कि हार मानूंगा

*राजपाल यादव ने अपनी सफलता के सफर का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कई संघर्षों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने बताया कि मेरे पास शुरुआत में कोई बड़ा नेम-फेम नहीं था, लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं हार मानूंगा। मैंने छोटी-छोटी भूमिकाओं से शुरुआत की और जब मेहनत एवं लगन से काम किया, आज इस मुकाम पर हूं।*

### सिर्फ अपने कॅरियर के बारे में न सोचें

राजपाल यादव ने युवाओं से यह भी कहा कि वे सिर्फ अपने कॅरियर के बारे में नहीं सोचें, बल्कि समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना देखें। उन्होंने समाज में योगदान और नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हमारे पास जो कुछ भी है, उसे साझा करना ही असली सफलता है। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. पंडित माली, सीईओ, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स पुणे और रजी थॉमस, चीफ कॉर्पोरेट रिलेशन्स एंड आउटरीच ऑफिसर, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स पुणे ने भी अपने विचार साझा किए।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में दशम दीक्षांत समारोह से पहले उपाधि पाने वालों ने भी किया रिहर्सल

# पिता को बागवानी करते देख बढ़ी कृषि में रुचि पढ़ाई के साथ बेटियां भी कॅरियर बनाने आतुर

'पिता को बागवानी करते देख पढ़ाई के दौरान ही हरियाली और मिट्टी के प्रति लगाव बढ़ा। भले ही कृषि आधारित जीवनशैली से परिवार का सरोकार नहीं, लेकिन इस फील्ड में ही कॅरियर बनाने का निर्णय अब बेटियां भी लेने लगी हैं। उनके भावी सोच को जानने का प्रयास किया गया। जहां सभी उपाधि धारक शनिवार को सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह से पूर्व रिहर्सल करने पहुंचे थे। इस बीच उपाधि पाने वाले युवाओं ने हरिभूमि से अनुभव भी साझा किए।'

**रायपुर।** कृषि कॉलेज रायपुर स्थित कृषि मंडपम में सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले दीक्षांत समारोह में 4 हजार 191 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएगी। समारोह कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में होगा। इस बीच इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी दीक्षांत को संबोधित करेंगे। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कांस्य पदक दिए जाएंगे। इस दौरान भव्य दीक्षांत शोभायात्रा निकलेगी। कृषि कॉलेज रायपुर के क्लस्टर क्लासरूम से दीक्षांत के लिए सजाए गए मंच पर पल-पल आगे बढ़ने वाले समारोह का हूबहू अभ्यास शुक्रवार को किया गया।




### दीक्षांत के लिए अकादमिक परिधान तय

इसमें कुलपति, कुलसचिव, अधिष्ठाता, संचालक एवं गोल्ड, सिल्वर एवं कास्य पदक पाने वाले विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलगीत, राज्यगीत,राष्ट्रगान का वादन किया गया। दीक्षांत में उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान तय किया है। छात्र कोसे रंग अथवा ऑफ वाईट रंग का कुर्ता और सफेद पायजामा पहनेंगे। वहीं छात्राएं कोसे रंग या ऑफ वाईट रंग की साड़ी में नजर आएंगी। वहीं अतिथि कोसे रंग का जैकेट पहनेंगे। इन तमाम तैयारियों को दोपहर में ही अंतिम रुप दिया गया।





### खुशी के साथ रिहर्सल में हुए शामिल



उपाधि पाने वालों में बीटीसी कृषि कॉलेज एवं अनुसंधान केन्द्र बिलासपुर की छात्रा अमृता मंडल शामिल हैं। 2022-23 स्मृति पदक की श्रृंखला में स्वर्ण पदक मिलने की खुशी के साथ रिहर्सल में शामिल हुई। उन्होंने बताया कि मम्मी-पापा सरकारी सेवा में हैं। घर-परिवार में कृषि से कोई नही जुड़ा है। मगर मैने तो कृषि के क्षेत्र में करियर बनाने का मन 10वीं पास होते ही बना लिया था। बीएससी (कृषि)में सर्वोच्च अंक के लिए स्वर्ण पदक मिलने की खुशी है। मै माता-पिता की इकलौती बेटी हूं, परिवार का भी कृषि से ज्यादा सरोकार नहीं रहा है। मैने कृषि को इसलिए चुना, क्योंकि इस क्षेत्र में चुनौती बहुत कम मिलती है।

### कोई किसान नहीं लेकिन खेती पसंद



वर्ष 2023-24 में एमएससी फल विज्ञान में स्नातकोत्तर के लिए शनिवार को कृषि कॉलेज रायपुर की छात्रा प्राची मिश्रा को स्वर्ण पदक मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि पिता एसके मिश्रा हेड मास्टर हैं, खाली समय में उन्हें बागवानी करते देखती थी। मां भारती मिश्रा घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाती है। परिवार का खेती-किसानी से कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी मैने पिता के कृषि से जुड़े शौक को ही चुनते हुए इसमें कॅरियर बना रहे हैं। अच्छे काम के साथ आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने पर फोकस करते हुए कृषि को आर्थिक मजबूती का आधार स्तंभ बनाने का काम करूंगी, क्योंकि कृषि से लगाव है।

### पिता की तरह कृषि से रहा है लगाव



स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज के विपिन कुमार मिश्रा को भी मृदा एवं जल अभियांत्रिकी के लिए पीएचडी की उपाधि के साथ स्वर्ण पदक मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि पापा सरकारी जॉब के साथ खेती-किसानी से भी जुड़े हैं। उनसे प्रभावित होने से मेरा लगाव कृषि में बढ़ा। भाई बहन प्राइवेट जॉब करते हैं। मैने 11वीं में प्रवेश के साथ तय किया, कि मुझे कृषि में करियर बनाना है। यह निर्णय कृषि आधारित स्टार्टअप के साथ नई तकनीक को लेकर लोगों में बढ़ती जिज्ञासा को देखते हुए लिया। इस क्षेत्र में सेवा देते हुए कृषि को बढ़ावा देने काम करूंगा। देश की प्राथमिकता कृषि क्षेत्र और किसान ही है।




**एजूकेशन अपडेट**

## अग्निवीर वायु भर्ती के लिए बढ़ी आवेदन की तारीख, अब कल तक भरे जाएंगे फॉर्म



रायपुर। इंडियन एयर फोर्स में अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। अब 2 फरवरी रात 11 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा मार्च में होगी। इसे लेकर सूचना जारी की गई है। अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 7 जनवरी से शुरू है। पहले 27 जनवरी आवेदन की आखिरी तारीख थी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अनुसार गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ बारहवीं 50 प्रतिशत अंकों से पास और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक जरूरी है। इसी तरह पॉलीटेक्निक संस्थानों से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, सूचना प्रौद्योगिकी में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना जरूरी है।

### अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक

इसके अलावा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। विज्ञान के अलावा किसी भी अन्य स्ट्रीम से बारहवीं पास और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत नंबर होना जरूरी है। इसी तरह जन्मतिथि 1 जनवरी 2005 और 1 जुलाई 2008 के बीच हो। एग्जाम फीस 550 रुपए के अलावा जीएसटी, चयन के लिए ऑनलाइन एग्जाम के अलावा फिजिकल टेस्ट भी होगा। आवेदन के लिए विस्तृत जानकारी वेबसाइट **https://agnipathvayu.cdac.in** पर जारी की गई है। सहायक शिक्षक भर्ती के लिए डीएलएड उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट 5 फरवरी को जारी होगी। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 के आधार करीब 2600 डीएलएड अभ्यर्थियों को नौकरी मिलेगी।

**सिटी इवेंट**

## रीमिक्स गीतों पर बेजोड़ डांस स्कूली बच्चों ने किया रैंप वॉक



रायपुर। परीक्षा की तैयारी के बीच स्कूली बच्चों का उत्साह स्टेज पर भी देखते ही बनता है। जब स्कूली बच्चों ने रैंप वॉक किया और वो देश मेरा...से सजे रीमिक्स पर थिरके तो उनका डांस देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से हौसला बढ़ाया। अवसर था करियर पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का। इसका आयोजन रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन लोकायन हॉल में किया गया। जहां छोटी क्लास के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती व गणेश वंदना से किया गया। डॉ. गजेंद्र और प्रधान अध्यापिका श्वेता सिन्हा ने वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी।

### गुलाबी शरारा पर थिरके नन्हें पांव

शीलू शर्मा ने मंच संचालन किया। बच्चों को पढ़ाई के साथ ही अन्य प्रतिभाओं के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया। एक अनूठी पहल में अंताक्षरी को जोड़ा गया, जिसमें स्कूल परिवार और अभिभावक शामिल हुए। इसके बाद बच्चों के शानदार आयोजन का क्रम शुरू हुआ। स्वागत नृत्य के बाद नर्सरी के बच्चों ने रैंप वॉक किया। इसके बाद मैय्या यशोदा...,बम-बम भोले..., रामायण और राम आएंगे का मंचन किया। गुलाबी शरारा पर पहली कक्षा के बच्चों ने डांस किया। भारत माता की झांकी निकाली गई। इसके बाद बरसो रे मेघा..., इत्ती सी हंसी-इत्ती से खुशी..., बावन गज का, गरबा रीमिक्स, मशी, झूम बराबर झूम, स्कूल चले हम...गीत पर शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

**समाज इवेंट**

## वसुधैव कुटुंबकं एक ब्रह्म वाक्य, यही हमारी संस्कृति



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री (छत्तीसगढ व मध्यप्रदेश) सुनील किरवई ने कहा कि हमारा जीवन अपनों के लिए है। भारत की आरोग जीवी संस्कृति व सभ्यता के मान बिंदुओं का रक्षण करते हुए महाराष्ट्र मंडल 90 वर्ष पूरे करने जा रहा है।

महज 16 साल की आयु में संत ने ज्ञानेश्वरी लिखकर हमें पसायदान दिया। इसके श्लोक को पढ़ते हुए श्री किरवई ने कहा कि सभी प्राणियों में सद्भाव और विश्व का कल्याण हो। हम एक ऐसी संस्कृति में जीते हैं, जिसमें वसुधैव कुटुंबकम यानी विश्व एक परिवार का ब्रह्म वाक्य है। इसी ब्रह्म वाक्य को आत्मसात करते हुए महाराष्ट्र मंडल सभी समाजों को साथ रखते हुए मानव जाति की सेवा कर रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले व सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने सुनील किरवई का सूतमाला, शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया।

### देशभक्ति गीतों के साथ आज निकलेगी तिरंगा यात्रा, 3000 छात्र होंगे शामिल

रायपुर। लोगों में देशभक्ति व समर्पण की भावना जागृत करने हरिभूमि और छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की ओर से प्राइड ऑफ इंडिया 2025 का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। लगभग 3000 स्कूली बच्चों और कॉलेज छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ के सबसे लंबे तिरंगे को लेकर कलेक्ट्रेट चौक से नेताजी सुभाष स्टेडियम तक देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर शुक्रवार को दिनभर तैयारी चलती रही। आज लंबा तिरंगा हाथों में लेकर छात्र अनोखी श्रृंखला बनाएंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन**

# शोधार्थियों ने देखी सिरपुर और मल्हार से भी पुरानी पुरातत्व की खुदाई, सिक्के और मूर्तियों का भी अध्ययन

संस्कृति विभाग की ओर महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में मध्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर विषय पर जारी कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। यह कार्यशाला विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आयोजित की गई। पांच दिवसीय इस कार्यशाला में अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मध्य छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, साहित्य, इतिहास और भूगोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



रायपुर। हरिभूमि ने कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञों से खास बातचीत की। कार्यशाला में रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के 70 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रभारी अधिकारी व स्मारक उपसंचालक डॉ. पीसी पारख ने बताया कि कार्यशाला में 40 स्नातक, 25 स्नातकोत्तर और 5 शोध अध्येता कुल 70 प्रतिभागी रहे। शुक्रवार को कार्यशाला के समापन दिवस पर विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उत्खनन स्थल रीवा भ्रमण कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने प्राचीन टीलों में चल रहे उत्खनन कार्य का अवलोकन किया। साथ ही उत्खनन विधियों, भग्नावशेषों और पुरावस्तुओं बारे में भी जाना। पुरातत्व के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाओं के बारे में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

### पांडुवंशी और कल्चुरी राजवंशों का इतिहास बताया

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एलएस निगम ने बताया कि उन्होंने कार्यशाला में विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मघ, राजर्षितुल्यकुल, नल, शरभपुरीय, पांडुवंशी व कल्चुरी राजवंशों के इतिहास के बारे में बहुत-सी अनसुनी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अंग्रेजों के समय के इतिहास और घटनाओं पर विस्तार से बात करते हुए मराठा ब्रिटिश काल से जुड़ी स्थानीय किंवदंतियों/कथानकों जैसे दसमत ओडनिन की कहानी को भी रोचक तरीके से बताई।

### भोरमदेव एवं विष्णु मंदिर का कराया डॉक्यूमेंटेशन अभ्यास

संचालनालय के उत्खनन सहायक और तकनीकी अधिकारी डॉ. वृषोत्तम साहू व चेतन मनहरे ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारकों मंदिरों, विहारों और महापाषाणीय स्मारकों की स्थिति के बारे में विस्तार में बताया। साथ ही प्राचीन मंदिरों और मूर्तियों के जीर्णोद्धार, रखरखाव और अनुरक्षण की विधियों के बारे में भी जानकारी दी। वहीं डॉ. हैग्रीव परिहार सहायक पुरातत्ववेता ने केंद्र संरक्षित स्मारकों के बारे में बताया। डॉ. राजीव मिंज और प्रवीन तिर्की ने भोरमदेव मंदिर और प्रभात सिंह व अमर भरतद्वाज ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संग्रहालय में प्रदर्शित विष्णु मंदिर के डॉक्यूमेंटेशन का अभ्यास कराया।

### जनजाति की गोदना परंपरा से भी कराया अवगत

*रविवि के सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बैगा जनजाति के गोदना के प्रकारों कपाड़ (सिर) गोदाय, पुखड़ा (पीठ) गोदाय, जांघ (जंघा) गोदाय की परंपरा, उनके जनउला (पहेलियों) के विषय में रोचक ढंग से जानकारी देते हुए बताया कि कमार जनजाति में यह परंपरा है कि परिवार में किसी की मृत्यु होने पर वे अपने निवासरत घर को त्याग देते हैं। मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में निवासरत विभिन्न आदिवासी समुदायों के देवी देवताओं, पारंपरिक उपचार विधि, मंत्र उपचार और जड़ी बूटी से इलाज, जात्रा, उत्सव, सुपरनेचुरल पॉवर संबंधी मान्यताओं के बारे बताया।*

### भाषा को बचाने से होगा संस्कृति का संरक्षण

*छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भाषाविद डॉ. चितरंजन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सीमाएं 7 पड़ोसी राज्यों से जुड़ी हुई हैं। ये हमारी भाषा अत्यंत समृद्ध बनाती हैं। भाषा लुप्त होने से संस्कृति का भी लोप होता है। भाषा को बचाकर ही संस्कृति को संरक्षित किया जा सकता है। भिलाई की डॉ. सरिता साहू ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वाचिक परंपराओं के स्त्रोतों के बारे में बताया। इसमें उन्होंने देवर गीत, सावनाही, फाग, बसदेवा, ददरिया आदि का जिक्र किया।*

## मनाया बाबा दूज उत्सव, 301 किलो दूध से अभिषेक-पूजन



रायपुर। श्री शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट एवं अंबे माता मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में बाबा दूज उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से देर रात तक पूजा-अर्चना की गई। उत्सव का शुभारंभ सुबह 8 बजे मंदिर प्रांगण स्थित प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक से किया गया, जहां 301 किलो दूध से श्रीरामदेव बाबा का अभिषेक किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक दुग्धाभिषेक किया गया, जिसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारियों द्वारा श्रृंगार पूजा की गई।

### देर रात तक भजन संध्या



मान्यता अनुसार भादो और माघ महीने में बाबा दूज उत्सव मनाया जाता है। भादो माह में श्रीरामदेव बाबा ने जन्म लिया और माघ माह में समाधि ली थी। सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली, इस अवसर पर मुख्य आकर्षण का केंद्र भजन संध्या का कार्यक्रम रहा। शुक्रवार को मंदिर परिसर में रात 9 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान धमतरी, राजनांदगांव, कोण्डागांव और राजधानी से भजन गायकों की टीम शामिल हुई। महोत्सव के दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मयूर शर्मा, भवन प्रबंधक गोविंद शर्मा एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

### राजस्थानी रीति-रिवाज से पूजन

श्री शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के सदस्यों बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा सूर्यदेव को कुलदेवता के रूप में पूजा जाता है। ऐसे में 4 फरवरी को सूर्य सप्तमी के दिन अंबे मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुबह शोभायात्रा, हवन पूजा और भव्य प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाना है। मुख्य रूप से यह पूजा राजस्थानी रीति-रिवाज से की जाती है। वहीं 7 फरवरी को बाबा दूज उत्सव मनाया जाएगा।

## इंदुभवानंद महाराज अब दंडी स्वामी, प्रथम आगमन पर शोभायात्रा, हुआ भव्य स्वागत

रायपुर। दंडी स्वामी की दीक्षा के बाद इंदुभवानंद तीर्थ महाराज का प्रथम आगमन सड़क मार्ग से हुआ। महाराज के स्वागत में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम के आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में दंड सन्यास की दीक्षा के बाद शुक्रवार को छत्तीसगढ़ आगमन पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। प्रयाग में पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज से 25 जनवरी को प्रयागराज में दंड सन्यास की दीक्षा लेने के बाद दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज का सड़क मार्ग से आगमन हुआ। उनके भक्तों ने राजधानी में शंकराचार्य चौक कमल विहार से शोभायात्रा के साथ स्वागत किया।

### पुष्पवर्षा और आरती से स्वागत

शोभायात्रा में कमल विहार, शंकराचार्य चौक पर आतिशबाजी के बीच संगीतमय माहौल रहा। प्रदेश के सनातन धर्मियों ने डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ



महाराज का पुष्पवर्षा एवं आरती करते हुए स्वागत किया। अंत में शोभायात्रा त्रिपुरसुंदरी आश्रम में समाप्त की गई। जहां सभी श्रद्धालुओं को महाराज ने प्रसाद वितरित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस आयोजन की अगवाई आश्रम ट्रस्ट कमेटी के डीपी तिवारी, मिश्रीलाल पाण्डेय, ज्ञानेश शर्मा ने निभाई। वहीं इसे सफल बनाने में भूपेंद्र शर्मा, डॉ. मेघेश तिवारी, डॉ. रविंद्र मिश्रा, सुनील शुक्ला, अनिल पांडेय, अजय तिवारी, महेंद्र तिवारी, आचार्य रामनिवास के साथ गुरु परिवार के लोग भी हिस्सा बने।

## वैजाइनल सर्जरी के नवीन तकनीक से लोग अंजान, अब चिकित्सक देंगे जानकारी

रायपुर। महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदेश स्तर पर 'वैजाइनल सर्जन सोसायटी' की शुरुआत की गई। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासियों को जागरूक करना है। शहर स्थित बेबीलॉन-इन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। इसमें अध्यक्ष आभा सिंह, सचिव डॉ. ज्योति जायसवाल, संयुक्त सचिव डॉ. तबस्सुम दल्ला, कोषाध्यक्ष डॉ. अर्पणा वर्मा का चयन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. संदीप दवे शामिल हुए, जिन्होंने नई तकनीकों के साथ सर्जरी प्रक्रिया को सरल करने की बात कही। एक दिवसीय डिबेट सेशन में वैजाइनल सर्जरी की नवीन तकनीक, टिप्स और उपचार पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेशभर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रही। इसमें डॉ. रेखा रतनानी, डॉ. अविनाशी, डॉ. आशा जैन, डॉ. मोनिका पाठक शामिल रहीं।



**वेडिंग में कपल्स के लिए भी ज्वेलरी तैयार की जा रही**

# वेडिंग सीजन में कस्टमाइज सतरंगी ज्वेलरी की डिमांड, ब्राइड्स की पहली पसंद कलरफुल गहने

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। वेडिंग सीजन में महंगी ज्वेलरी खरीदने से बचने के लिए अब आर्टिफिशियल ज्वेलरी की डिमांड बाजारों में बढ़ती जा रही है। इन दिनों खरीदार शादी के सभी फंक्शन में आर्टिफिशियल ज्वेलरी कैरी कर रहे हैं, ऐसे में ब्राइड और ग्रूम भी अपने लिए थीम बेस्ड ज्वेलरी तैयार करा रहे। शहर के दुकान संचालकों ने बताया कि वेडिंग सीजन शुरू होते ही आभूषणों की खरीदी भी बढ़ जाती है। लोग रिटर्न गिफ्ट के लिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी की खरीदी कर रहे। शादी को यादगार बनाने लोग अपने ज्वेलरी में दूल्हा-दुल्हन के नाम और फोटो भी लगवा रहे हैं।





### ब्राइड्स के लिए कस्टमाइज ज्वेलरी

सीमा अग्रवाल ने बताया कि वेडिंग में हल्दी, मेहंदी, संगीत और फेरे को दौरान ब्राइड्स न्यू लुक पसंद करती हैं। ऐसे में चूड़ी, नेकलेस, मांग टीका, झुमका और नथ कस्टमाइज की जाती है। शादी के 15-20 दिन पहले से ही ऑर्डर मिलना शुरू हो जाते है, इसमें ब्राइड अपने ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी तैयार कराती हैं। इसे स्टोन, जरी, मोती, फोटो कटिंग, लेस जैसी अनेक वस्तुओं की मदद से तैयार किया जाता है। इसकी शुरुआती कीमत हजार रुपए तय है।

वेडिंग सीजन शुरू होते ही हैंडमेड ज्वेलरी की डिमांड बढ़ गई है, अब लोग लाखों की ज्वेलरी खरीदने से बचने के लिए हैंडमेड ज्वेलरी की खरीदी कर रहे। इन ज्वेलरी को मनपसंद डिजाइन से कस्टमाइज कराया जा रहा, जिसकी कीमत हजार से शुरू है। बीते एक-दो साल में कस्टमाइज ज्वेलरी खरीदारों की पहली पसंद है, जिसके चलते वेडिंग सीजन आते ही न्यू थीम पर इसे तैयार किया जाता है।

### ज्वेलरी पर दूल्हा-दुल्हन का नाम



पारुल मिश्रा ने बताया कि फरवरी माह में शादी के लिए लगभग 10 से शुभ मुहूर्त हैं। ऐसे में जनवरी के पहले सप्ताह से ही ऑर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल लाल, मेहरून, पीला, हरा, गुलाबी, नीला, गोल्डन और सिल्वर जैसे रंगों का ट्रेंड वापस आ गया है। इस बार ब्राइड्स चटक कलर के ज्वेलरी पसंद कर रही हैं। इस वेडिंग सीजन दुल्हन, दुल्हन की बहन, मां, मौसी, बुआ और दादी के लिए ज्वेलरी तैयार की जा रही है। जो दुल्हन के ज्वेलरी थीम के जैसा ही बनाया जा रहा, इसमें लोग अपने पसंद अनुसार ज्वेलरी में दूल्हा-दुल्हन का नाम लिखा रहे हैं।

### कपल्स के लिए थीम बेस्ड ज्वेलरी

दीपिका साहू ने बताया कि वेडिंग सीजन में कस्टमाइज ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद है। इस वर्ष रंगबिरंगे फूल और मोतियों से ज्वेलरी तैयार की जा रही है। इमसें सफेद, गुलाबी, बैंगनी और पीले रंग के ज्वेलरी डिमांड में है। इसे विभिन्न फूलों की मदद से तैयार किया जाता है। साथ ही महिलाओं के साथ पुरुषों के लिए भी आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार की जा रही, इसमें कपल्स ज्वेलरी शामिल है। ब्राइड और ग्रूम के साथ परिवार के दूसरे कपल्स के लिए थीम बेस्ड ज्वेलरी तैयार की जाती है, इसे स्टोन, मोती, जरी और क्रिस्टल की मदद से तैयार किया जा रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर ब्लू के पहली पारी में 232 रन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले जारी हैं। जिसमें बिलासपुर ब्लू की टीम धमतरी के स्टेडियम में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेलने उतरी। बिलासपुर ब्लू के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 ओवर में 232 से बना कर पूरी टीम आउट हो गई। विशेष सिंह ने 35 रन, वरुण प्रजापति ने 39, आकाशदीप सिंह ने 39, ऋषभ शर्मा 27 रन और कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने 25 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए ओम कोसले ने 45 रन देते हुए 5 बहुमूल्य विकेट प्राप्त किया और कप्तान यश कुमार वरदा को दो विकेट प्राप्त हुए। इसके पश्चात प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में खेलते हुए एक ओवर में बिना विकेट खो 4 रन बना लिए हैं। जिसमें शिवम यादव 4 रन पर और देवासीस सिंह 0 रन पर नाबाद खेल रहे है। मैच के निर्णायक नितिन कथवार और भी पंकज नायडू हैं. स्कोरर महेश दत्त मिश्रा, मैच के ऑब्जर्वर शेख अनवर हैं. बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला है। इसके अलावा रायपुर के आरडीसीए मैदान में बिलासपुर बनाम रायपुर के मध्य सेमी फाइनल मैच खेला जा रहा है। जिसमें रायपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने 69.4 ओवर में 157 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर गुणवंत अवस्थी ने ने 89 रनों का योगदान दिया और रणवीर चड्ढा ने 32 रन बनाये। रायपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य अग्रवाल ने तीन विकेट और मोहम्मद फैज खान ने दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात रायपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए 18 ओवर में एक विकेट होकर 88 बना लिए हैं। जिसमें युवराज विश्वकर्मा ने 44 रनों के योगदान दिया और तेजस्वी कलभोर 44 रन पर नाबाद खेल रहे हैं और उनके साथ कुणाल सोनी जीरो पर हैं। बिलासपुर की ओर से एकमात्र विकेट शैवाल सरकार को प्राप्त हुआ। मैच के निर्णायक शैलेश उपाध्याय और विशाल सिंघानिया हैं। स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर अजय तिवारी है। बिलासपुर टीम के कोच सैय्यद जावेद है। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### राज्य डॉजबॉल चैंपियनशिप आज से होगी भिलाई में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य डॉजबॉल चैंपियनशिप का आयोजन भिलाई स्पोर्ट्स अकादमी सेक्टर-2 में 1 और 2 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें 10 पुरुष एवं 6 महिलाओं की टीम भाग ले रही है। इनमें दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ ,बेमेतरा, कवर्धा, राजनंदगांव रायपुर, बलोदा बाजार, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई की टीम शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एक फरवरी को सुबह 11:00 बजे एकांश बंछोर भिलाई नगर निगम के एमआईसी मेंबर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता राजेंद्र परगनिहा विधायक प्रतिनिधि भिलाई नगर ,प्रमोद प्रभाकर, नोमिन साहू, साधना सिंह सौरव मिश्रा व हरीश सिंह करेंगे। प्रदेश के महासचिव ख्वाजा अहमद ने बताया कि खिलाड़ियों को ट्रॉफी मेडल और सर्टिफिकेट एवं बेस्ट खिलाड़ी को अवार्ड भी दिया जाएगा। साथ ही में छत्तीसगढ़ डॉजबॉल प्रदेश सीनियर महिला एवं पुरुष टीम का चयन इस दौरान किया जाना है जो कि आगामी होने वाले नेशनल में प्रदेश की टीम में भाग लेंगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ स्टेट डॉजबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र देवगन, जॉइंट सेक्रेटरी हरीश सिंह राजपूत, मैच ऑफिसियल नेहा कौर, गौरव ,राहुल रेड्डी और प्रदेश के पदाधिकारी सेक्रेटरी और भिलाई स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सिमरन सिंह व सभी मेंबर शामिल होंगे।

### जूनियर नेटबॉल सिलेक्शन ट्रायल कल होगा राजधानी रायपुर में



**रायपुर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के द्वारा आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के लिए जूनियर वर्ग की ट्रेडिशनल, फास्ट फाइव नेटबॉल एवं मिक्स टीम चयन करने हेतु ट्रायल आयोजित किया गया है। जिसमें चयनित खिलाड़ी भिवानी हरियाणा में 23 से 26 फरवरी तक आयोजित 37वीं जूनियर चैंपियनशिप के लिए चयनित किये जायेंगे। तीसरी फास्ट फाइव चैंपियनशिप भिवानी हरियाणा में 26 से 28 फरवरी तक एवं प्रथम फर्स्ट फाइव नेटबॉल चैंपियनशिप भिवानी हरियाणा में 1 मार्च से 2 मार्च तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए खिलाड़ी अपना चयन ट्रायल 2 फरवरी को सुबह 11:00 बजे रायपुर के सप्रे स्कूल स्थित नेटबॉल ग्राउंड पर देंगे। एसोसिएशन के सचिव राजेश राठौर ने बताया कि इस चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं ।

### अगर आप भी हैं डायबिटीज रोगी तो जरूर ध्यान दीजिए

# मधुमेह मरीजों में पोषक तत्वों की कमी का मतलब है सेहत पर नकारात्मक असर, हमेशा रहें सचेत

डायबिटीज रोगियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को समझने के लिए हाल ही में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि समय के साथ मधुमेह पीड़ितों में कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने लगती है जिसका सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

टाइप-2 डायबिटीज तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। साल 2022 में दुनियाभर में 83 करोड़ से ज्यादा लोग मधुमेह से पीड़ित थे। 183 देशों में मधुमेह के 90% से ज्यादा मामले टाइप-2 डायबिटीज के हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जो शरीर को कई प्रकार से प्रभावित कर सकती है। अगर इसपर समय रहते ध्यान न दिया जाए और डायबिटीज की दिक्कत (ब्लड शुगर) बढ़ी रहे तो इसका आंखों, किडनी और तंत्रिकाओं पर असर हो सकता है। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को डायबिटीज की समस्या रही हो उन्हें इस बीमारी के खतरे को लेकर और भी सावधान रहना चाहिए।

डायबिटीज रोगियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को समझने के लिए हाल ही में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि समय के साथ मधुमेह पीड़ितों में कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने लगती है ।



### डायबिटीज रोगियों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी

ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) न्यूट्रिशन प्रिवेंशन एंड हेल्थ में प्रकाशित वैश्विक विश्लेषण में डायबिटीज रोगियों में इन दो जरूरी पोषक तत्वों की बढ़ती कमी को लेकर सावधान किया गया है। शोध में पाया गया है कि मधुमेह से पीड़ित 60 प्रतिशत से अधिक लोगों में विटामिन-डी की कमी हो सकती है। विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत रखने के साथ इम्युनिटी बढ़ाने के लिए जरूरी माना जाता है। इसके अलावा मधुमेह से पीड़ित 42 प्रतिशत लोगों में मैग्नीशियम की कमी देखी जा रही है। मैग्नीशियम एक आवश्यक खनिज है जो हड्डियों, मांसपेशियों, नसों और रक्त शर्करा के स्तर को कंट्रोल बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

### अध्ययन में क्या पता चला?



साल 1998 से 2023 के बीच 52,000 से अधिक प्रतिभागियों को शामिल करते हुए करीब 132 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें डायबिटीज रोगियों में होने वाली पोषक तत्वों की कमी पर समय रहते ध्यान देने पर जोर दिया गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च (आईआईएचएमआर) के शोधकर्ताओं ने कहा, मधुमेह की जटिलताओं को कम करने के लिए रोगियों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। डायबिटीज वाले 28 प्रतिशत लोग आयरन की कमी से भी पीड़ित हैं।

### बढ़ सकती हैं डायबिटीज की दिक्कतें

अध्ययनों से पता चला है कि सूक्ष्म पोषक तत्व डायबिटीज और इसके कारण होने वाली कई दिक्कतों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्लूकोज के मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन संवेदनशीलता को ठीक रखने में भी इसकी भूमिका होती है। विश्लेषण में यह भी पाया गया कि विटामिन-बी12 की कमी भी वैश्विक स्तर पर 29 प्रतिशत मधुमेह रोगियों को प्रभावित करती है और यह मेटफॉर्मिन नामक डायबिटीज की दवा लेने वालों में और भी अधिक है।



शोधकर्ताओं ने कहा, जोखिमों को समझते हुए सभी डायबिटिक रोगियों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टरी सलाह पर सप्लीमेंट्स भी लिए जा सकते हैं। इन पोषक तत्वों की कमी के कारण ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखना भी कठिन हो जाता है।

**विटामिन-डी और मैग्नीशियम की कमी से क्या होता है ?:** विशेषज्ञों ने बताया मधुमेह की समस्या शरीर को अंदर ही अंदर खोखला बनाती जाती है, ऐसे में विटामिन-डी की कमी होने के कारण भविष्य में हड्डियों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## कॉफी को इन तरीकों से करें स्टोर, न होगा सीलन का झंझट और न होगी खराब



क्या आपकी भी कंटेनर में रखी कॉफी सील जाती है या फिर उसके पत्थर से बन जाते हैं ? ऐसे में आप उसको फेंक देती होंगी। आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप कॉफी पाउडर खराब होने से बचा सकती हैं।

### चावल की पोटली डालें

कॉफी पाउडरको सीलने से बचाने के लिए आपको उस कंटेनर में कॉफी में चावल की एक छोटी सी पोटली बनाकर डाल दें। ऐसा करने से कॉफी को आप नमी से बचा सकती है। इससे आपकी कॉफी पत्थर जैसी नहीं होगी। दरअसल, चावल उस कंटेनर में जमा नमी को सोख लेगा। इससे आपकी कॉफी खराब नहीं होगी।

### ऊपर की साइड छेद करें

आप जब भी मार्केट से कोई कॉफी का डिब्बा लेकर आती हैं तो उसके ऊपर ढक्कन हटाने के बाद सिल्वर फॉइल लगी होती है। ऐसे में आप उसको पूरा नहीं हटाएं। इसके बजाय आप उसके बीच या साइड में एक छोटा छेद करें। और जब भी आपको कॉफी निकालनी हो आप उसी की मदद से सीधे पाउडर निकालें। ऐसा करने से आप कॉफी को लंबे समय तक सीलने से बचा सकती हैं।

### सिल्वर फॉइल लगाएं

इसके अलावा आप कॉफी को खराब होने से बचाने के लिए उसका लिड बंद करने से पहले ऊपरी सिरा एल्युमिनियम फॉइल से कवर करें। इसके बाद आप जार का कंटेनर बंद कर सकती हैं। ऐसा करने से कॉफी कंटेनर के अंदर नमी नहीं जाएगी और वो खराब होने से बच जाएगी।

## घर के लिए कैसी मोर की मूर्ति होती है शुभ?

अक्सर लोगों को घर में किस धातु की मोर की मूर्ति लगाएं इस बात को लेकर असमंजस रहती है। ऐसे में आज हम आपको घर के अंदर किस धातु की मूर्ति लगाना शुभ होता है। इसके बारे में बताने जा रहे हैं।

### घर में किस धातु से बने मोर की मूर्ति रखें ?



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर के अंदर चांदी से बने मोर की मूर्ति रखना बेहद शुभ होता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही, घर के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बना रहता है। यह घर के कई वास्तु दोष भी खत्म करता है। चांदी के मोर की मूर्ति रखने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इसको घर में रखने से धन संकट की समस्याएं भी खत्म होती है। साथ ही, किसी जातक की अगर शादी में बाधा आ रही हो तो यह उसका भी निवारण करता है। कहा जाता है यदि मोर का जोड़ा पति-पत्नी अपने बेडरूम में रखते है, तो इससे दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होता है। यदि आप चांदी की मूर्ति नहीं रख सकते हैं तो एल्युमिनियम धातु का मोर भी रखा जा सकता है।

### मोर की मूर्ति किस दिशा में रखें ?

अब सवाल यह आता है कि चांदी का मोर रखने के लिए कौन-सी दिशा अच्छी होती है। आपको बता दें कि चांदी के मोर की मूर्ति हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में रखनी चाहिए। इसके अलावा आप इसे दक्षिण-पूर्व दिशा में भी रख सकते हैं। जब भी आप मोर की मूर्ति खरीदें तो ध्यान रखें कि मोर नाचने की अवस्था में हो। ऐसी मूर्ति रखने से घर में हमेशा खुशहाली का माहौल रहता है।



## जानें जेन जेड के कुछ खास शब्द जो रिलेशनशिप में आते हैं काम

आजकल युवाओं के बीच नए-नए शब्दों का चलन बढ़ रहा है। डेटिंग के लिए तो आधुनिक शब्दावली ही ट्रेंड में आ गई है। खासकर जेन जेड के बीच डेटिंग के लिए मार्डन टर्म्स काफी लोकप्रिय हैं। कई बार तो डेटिंग से जुड़े नए शब्दों और टर्म को मिलेनियम या माता पिता वाली सदी के लोग समझ ही नहीं पाते। अगर आप मार्डन डेटिंग कल्चर को बेहतर तरीके से समझना चाहते हैं, तो ये टर्म्स आपके बहुत काम आ सकते हैं। रिलेशनशिप की दुनिया से जुड़े लेटेस्ट टर्म्स को समझने के लिए यहां कुछ मशहूर डेटिंग टर्म्स दिए जा रहे हैं जो आपके काम आएंगे। एक ही शब्द में ये आपके डेटिंग के तरीके को दर्शा देंगे। वैसे बताते चलें जेन जेड आज की युवा पीढ़ी को कहते हैं, जो हाल के तीन दशक में जन्मी है।

**ब्रेड क्रंबिंग :** जब कोई व्यक्ति आपको लगातार छोटे-छोटे संकेत (जैसे मैसेज या फ्लर्ट) देता है, लेकिन असल में रिलेशनशिप में सीरियस नहीं होता। यह सिर्फ आपको उम्मीद देकर होल्ड करने के लिए किया जाता है। आसान शब्दों में ब्रेड क्रंबिंग को दाना डालना कह सकते हैं, जिसमे रोज कुछ फ्लर्टी मैसेज का दाना डाला जाता है।

**पॉकेटिंग :** जब कोई व्यक्ति अपने पार्टनर को अपने परिवार या दोस्तों से छुपाकर रखता है और कभी अपने सोशल



सर्कल में इंट्रोड्यूस नहीं करता, तो इसे पॉकेटिंग कहते हैं। यह रिलेशनशिप में कमिटमेंट की कमी दिखाता है।

**सिचुएशनशिप :** यह एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें दो लोग डेटिंग कर रहे होते हैं, लेकिन उनका रिश्ता किसी भी लेबल में फिट नहीं होता। यह दोस्ती और रिलेशनशिप के बीच का एक कन्फ्यूजन वाला स्टेज होता है।

**फ्लीटिंग :** जब कोई सिर्फ टाइम पास के लिए किसी के साथ रिलेशनशिप में आता है, तो इस स्थिति को फ्लीटिंग कहा जाता है।

**बेंचिंग :** जब कोई आपको पूरी तरह छोड़ता नहीं है लेकिन बैकअप प्लान के रूप में रखता है और जब चाहे तब बात करता है, तो इसे बेंचिंग कहते हैं।

**घोस्टिंग :** जब कोई व्यक्ति धीरे-धीरे बातचीत कम करता जाता है और फिर अचानक बिना कोई कारण बताए गायब हो जाता है, तो इसे ग्लोस्टिंग कहा जाता है।

**ज़ॉम्बिइंग :** अगर कोई व्यक्ति, जिसने आपको पहले घोस्ट कर दिया था, अचानक महीनों या सालों बाद वापस आकर मैसेज या कॉल करने लगे, तो इसे ज़ॉम्बिइंग कहा जाता है।

**कर्फ़्यूइंग :** जब आपका पार्टनर आपको एक तय समय के बाद रिप्लाई करना बंद कर देता है और हर दिन एक ही पैटर्न फॉलो करता है, तो इसे कर्फ्यूइंग कहते हैं।

**ऑर्बिटिंग :** ब्रेकअप के बाद अगर एक्स-पार्टनर सोशल मीडिया पर आपसे जुड़ा रहता है, तो इसे ऑर्बिटिंग कहते हैं। ऐसे में व्यक्ति अपने एक्स के जीवन की अपडेट सोशल मीडिया से लेता रहता है, लेकिन कभी बातचीत नहीं करता।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
ALERT SGS PVT. LTD.
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री | चादरे सैट 9x9 425/- | तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी | गद्दा सादा 220/- | मैट्रेस लेस 30% से 60% | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा | फाईबर तकिया 250/- जोड़ी | प्रोटेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर | लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी | सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल | तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
Hettich HÄFELE blum DURO SPACE YOUR SPACE OUR TOUCH
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE
MODULAR WARDROBE
CALL NOW 0771-4903490
SHOPPERS PARADISE, 21, NEAR CITY CENTER MALL, PANDRI, RAIPUR, CHHATTISGARH 492009
SHOP NO. 1 AND SHOP NO. 2 LAKE VIEW APARTMENT, BANDHA TALAB, GANJPARA, DURG, CHHATTISGARH 491001

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर में 13 नॉमिनेशन जीत लिया एक ही फिल्म ने ,ट्रांसजेंडर एक्टर ने निभाया लीड रोल

इन दिनों एक अमेरिकन-स्पेनिश फिल्म 'एमिलिया पेरेज' की हर जगह चर्चा है। वजह है कि इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड 2025 में कुल 13 नॉमिनेशन मिले हैं। इससे पहले इसी फिल्म ने भारतीय डायरेक्टर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में मात भी दी थी। क्या खास है इस फिल्म की कहानी में? साथ ही फिल्म से जुड़ी कौन सी कंट्रोवर्सी है? जानिए यहां। हाल ही में फिल्म 'एमिलिया पेरेज' ऑस्कर अवॉर्ड में भी कई कैटिगिरी में नॉमिनेट हुई। फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के मेकर्स को उम्मीद है कि यह फिल्म अपने नाम आस्कर अवॉर्ड जरूर करेगी। इस फिल्म ने ग्लोडन ग्लोब में कई अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। सवाल है कि इस फिल्म में ऐसा क्या खास है, जो यह कई देशों की फिल्मों को पछाड़ कर कई नामी अवॉर्ड अपने नाम कर रही है। जानिए, फिल्म 'एमिलिया पेरेज' की कहानी, इसके किरदार और इससे जुड़ी कंट्रोवर्सी के बारे में।



एमिलिया पेरेज की कहानी एक मैक्सिकन वकील (सेलेना गोमेज) और कभी क्राइम की दुनिया से जुड़े एक शख्स के आसपास घूमती है। क्राइम की दुनिया से जुड़ा यह शख्स एक पुरुष है लेकिन वह स्त्री बनना चाहता है और ऑपरेशन कराकर ऐसा कर भी लेता है। इसी कहानी के साथ कॉमेडी, क्राइम और रिलेशनिशप को शामिल किया गया है। फिल्म की खास बात है कि इसमें क्राइम की दुनिया से जुड़े शख्स का किरदार एक असल ट्रांसजेंडर एक्टर ने निभाया है।

### टॉलीवुड

## बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी में रवि तेजा, भानु के साथ मिलाया हाथ!

मास महाराजा के नाम से मशहूर रवि तेजा जल्द ही नई फिल्म मास जतारा में नजर आने वाले हैं। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन भानु भोगवरपु ने किया है। हाल ही में फिल्म की झलकियां साझा की गई थी, जिसमें रवि तेजा के पुराने अंदाज की झलक देखने को मिली। इसे देखने के बाद उनके फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है, लेकिन खबरें हैं कि इसे 2025 की गर्मियों के महीने में रिलीज किया जा सकता है। इस बीच रवि तेजा की एक ओर फिल्म पर बड़ा अपडेट आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रवि तेजा अब चर्चित निर्देशक कल्याण शंकर के साथ काम करने जा रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक रवि तेजा को कल्याण शंकर की स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी सहमति दे दी। यह फिल्म सितारा एंटरटेनमेंट्स की ओर से प्रोड्यूस की जाएगी। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। मौजूदा समय में कल्याण शंकर अपनी फिल्म 'मैड 2' के पोस्ट-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की रिलीज के बाद ही वह रवि तेजा की फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म के शैली और कहानी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी।



### छॉलीवुड

## लव स्टोरी में एक्शन का तड़का लेकर आलेख आ रहे 'जान लेबे का' में

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'जान लेबे का' में दर्शकों को लव स्टोरी के साथ एक्शन का तड़का देखने को मिलेगा। निर्माता लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल और निर्देशक आलेख चौधरी ने दर्शकों के लिए लीक से हट कर और मनोरंजन से भरपूर कहानी देने का वादा दर्शकों से किया है। फिल्म की स्टारकास्ट में मन कुरैशी, लक्षित झान्झी, दीक्षा जायसवाल और काजल सोनबेर हैं। निर्देशक आलेख चौधरी ने बताया कि उनकी फिल्म में वीएफएक्स का भरपूर इस्तेमाल किया गया है, जो दर्शकों को एक अलग अनुभव देगी। आलेख का मानना है कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के दर्शकों के लिए पहली बार वीएफएक्स का अनूठे ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं 25 साल में पहली बार मनमोहन सिंह ठाकुर और संजय बत्रा जैसे जाने-माने अभिनेता एक साथ नजर आयेंगे। संगीत सुनील सोनी का है। फिल्म की एक दौर की शुटिंग हो चुकी है और फाइनल शेडयूल अम्बिकापुर मे जारी है। फिल्म की रिलीज रिलीज 15 अगस्त तय की गई है। अभिनेता मनमोहन ठाकुर ने बताया कि संजय बत्रा के अलावा मन कुरैशी के साथ भी उनकी ये पहली मूवी है।






दो दशक पहले बड़े बैग और कटे हुए चमड़े के जैकेट जैसे स्टैपल ट्रेंड में थे। लेकिन अक्सर पुराना ट्रेंड लौट कर आता है। यही हुआ इस बार जब यह दो दशक पुराना ट्रेंड लौट कर आ गया है। मशहूर मॉडल्स टोरी बर्च, टोव और सिमोन रोचा अपने इस नए रंग में खूब खिल रहे हैं। इस ट्रेंड की प्रधानता मिंट ग्रीन है, जो पिस्ता के रूप में (2025 के लिए थोड़ी अधिक हरियाली के साथ) वापसी कर रहा है।

## ड्राई स्किन को बनाना है सॉफ्ट, तो ट्राई करें दही का ये खास नुस्खा

चेहरे पर अक्सर ड्राईनेस नजर आती है। इसका कारण होता है मौसम का बदलाव। ऐसा इसलिए क्योंकि मौसम के बदलने की वजह से वातावरण में नमी कम होने लगती है। इसका असर हमारे चेहरे पर सबसे ज्यादा दिखाई देता है। साथ ही, त्वचा पर सफेद दाग नजर आते हैं। उसे छिपाने के लिए हम अक्सर बाजार में मिलने वाले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, ताकि स्किन की ड्राईनेस को कम कर सके। लेकिन इसका असर कुछ ही समय चेहरे पर दिखाई देता है। इस बार आप चेहरे पर दही का इस्तेमाल करें। इससे स्किन सॉफ्ट हो जाएगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह से आप दही का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### दही के पैक को बनाने का तरीका

इसके लिए पहले आपको एक बर्तन में ओट्स को रातभर भिगोकर रखना है। फिर अगली सुबह इसका पेस्ट तैयार करना है। अब इसमें दही और शहद को मिक्स करना है। आप इसमें गुलाबजल को मिक्स कर सकती हैं। फिर इसे पेस्ट को थोड़ी देर छोड़ दें।

### फेस पैक इस्तेमाल करने का तरीका

इस पेस्ट को लगाने के लिए चेहरे को साफ करें। अब इसे एक ब्रश की मदद से चेहरे पर लगाएं। फिर इसे 10 से 20 मिनट लगा रहने दें। इसके बाद चेहरे की हल्के हाथों से मसाज करें। फिर गुनगुने पानी से इसे साफ करें। शहद त्वचा को निखारने और चमकदार बनाने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आएगी। वहीं दही चेहरे को नमी देगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

चेहरे पर किसी भी चीज को लगाने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, सेंसिटिव स्किन पर इसका इस्तेमाल कम करें। इस नुस्खे को हफ्ते में 1 ही बार ही ट्राई करें। दही में किसी भी नई चीज को मिलाने से पहले पैच टेस्ट करें।

## दिखना है सोहणी कुड़ी, स्टाइल करें खूबसूरत पटियाला सूट




इन दिनों वेडिंग सीजन की धूम मची हुई है। ऐसे में हर धर्म के अपने पारंपरिक रीति-रिवाज और परिधान होते हैं। वहीं पंजाबी वेडिंग का नाम आते हैं मस्ती और धमाल जैसे ख्याल मन में आने लगते हैं। ऐसा कहा जाता है कि पंजाबी लोग काफी हंसमुख होते हैं और वो हर चीज को दिल खोलकर धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। इन लोगों के खाने-पीने के साथ पहनावा भी काफी शानदार होता है। पंजाबियों का सूट स्टाइल सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इनको कैरी करने का स्टाइल भी सबसे यूनिक होता है।



यदि आपको भी पंजाबी कल्चर को फॉलो करना पसंद है और जल्द किसी पंजाबी वेडिंग का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आज आपको कुछ ट्रेंडी पटियाला सूट के डिजाइन्स दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप वेडिंग सीजन में पहनकर एकदम सोहणी कुड़ी नजर आएंगी। यकीनन आपको इन सूट में देखकर हर कोई तारीफ करेगा। ऐसे में आप यदि खुद को वेडिंग की शान बनाना चाहती हैं तो नीचे दिखाए जा रहे इन पटियाला सूट को जरूर ट्राई करें।

### ग्रीन सिल्क सूट

पंजाबी वेडिंग में अभिनेत्री के जैसा सिल्क पटियाला सलवार-सूट बेस्ट ऑप्शन है। इस ग्रीन सूट पर सिल्वर कलर के सितारों वाला वर्क किया गया है और बॉर्डर पर ब्रॉड लेस सूट को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव बना रही है। सलवार और दुपट्टे पर शाइनी जरी वर्क काफी खूबसूरत लग रहा है। इस तरह के सूट के संग आप हैवी गोल्डन कलर के ओवल शेप झुमके कैरी करें। मिनिमल मेकअप के साथ बाउंसी हेयर स्टाइल बेस्ट लुक देगा। फुटवियर में आप गोल्डन हील्स पहन सकती हैं।

### शिफॉन पिंक सूट

यदि आपको वेडिंग में सिंपल और डिसेंट लुक में दिखना है तो उसके लिए फोटो में दिखाया गया पिंक कलर का शिफॉन सूट ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपका लुक ग्रेसफुल नजर आएगा। पिंक सूट पर गोल्डन थ्रेड वर्क काफी जंच रहा है।

## बालों की ग्रोथ करनी है अच्छी, तो इस्तेमाल करें विटामिन ई कैप्सूल, जानिए फायदे

लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन जब बात उनकी देखरेख की आती है, तो इसमें हम अक्सर पीछे रह जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस भागती-दौड़ती जिंदगी में हमारे पास समय नहीं होता है कि हम सही तरीके से बालों की केयर कर सके। ऐसे में हम कुछ ऐसे इंस्टेंट तरीकों को ट्राई करते हैं। इससे बाल कुछ ही समय के लिए अच्छे होते हैं। इसके बाद पहले की तरह खराब होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप एक बार एक्सपर्ट राय लें।



### एलोवेरा जेल के साथ करें विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल

एलोवेरा जेल स्किन के लिए ही नहीं बल्कि बालों के लिए भी अच्छा होता है। इसलिए कई सारे लोग बालों को हेल्दी रखने के लिए इसका इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर आपको ग्रोथ बढ़ानी है, तो इसके लिए आप विटामिन ई का इस्तेमाल कर सकती हैं। विटामिन ई बालों के लिए अच्छा होता है। आप इन दोनों चीजों को मिक्स करके एक हेयर मास्क बना सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं हेयर मास्क कैसे बनाएं।

### हेयर मास्क बनाने का तरीका

इसके लिए एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल लें। अब इसमें 1 विटामिन ई के कैप्सूल को डालें। अच्छे से दोनों चीजों को मिक्स करें। फिर इसे ब्रश की मदद से बालों में लगाएं। इसके बाद 1 घंटे लगा रहने दें। फिर शैंपू से बालों को साफ करें। इसे लगाने से आपके बालों की ग्रोथ अच्छी हो जाएगी।

कई सारे लोग बालों में दही और अंडे का इस्तेमाल सॉफ्ट और शाइनी करने के लिए करत हैं। लेकिन अगर आपको बालों की ग्रोथ अच्छी करनी है, तो आप दही के साथ विटामिन ई कैप्सूल को साथ में लगाएं।

## सिंपल सी साड़ी को पार्टी लुक देने कैरी करें खास ज्वेलरी

साड़ी भारतीय महिलाओं के लिए सबसे पसंदीदा पारंपरिक परिधानों में से एक है। यह न केवल सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है, बल्कि महिलाओं को एक एलीगेंट और खूबसूरत लुक भी देती है। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है और आप उसे पार्टी लुक देना चाहती हैं, तो टेंपल ज्वेलरी आपके लुक में चार चांद लगा सकती है। टेंपल ज्वेलरी का आकर्षण उसकी पारंपरिक डिजाइनों में छिपा होता है, जो हर प्रकार की साड़ी को एक रॉयल और क्लासिक टच देता है।



### साड़ी के रंग और पैटर्न को ध्यान में रखें

अगर आपकी साड़ी बहुत ज्यादा डिजाइनर या वर्क वाली नहीं है, तो आप भारी टेंपल ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। लाल, हरे, और सुनहरे रंग की साड़ियों के साथ गोल्डन टेंपल ज्वेलरी सबसे अधिक आकर्षक लगती है। वहीं, हल्के रंगों की साड़ियों के साथ सिंपल और हल्की टेंपल ज्वेलरी अच्छी लगती है।

### नेकपीस का सही चुनाव करें

टेंपल ज्वेलरी में हार सबसे अहम भूमिका निभाता है। अगर आपकी साड़ी सिंपल है, तो भारी नेकलेस चुनें, जिससे आपका लुक और भी ग्लैमरस लगेगा । इसमें आपको कई तरह की डिजाइंस और वेराइटी मिल जाएगी। चोकर स्टाइल टेंपल नेकलेस सबसे लोकप्रिय डिजाइन है।

कार्नर न्यूज

### कपड़ों का रंग और सही कॉम्बिनेशन आपके लिए रखता है बेहद मायने

## स्टाइलिश लुक के लिए इन बातों का रखें ध्यान, ट्राई करें कुछ खास कलर

*गुड लुकिंग दिखने के लिए कपड़ों का रंग और उनका सही कॉम्बिनेशन बहुत मायने रखता है। सही रंग न केवल आपके व्यक्तित्व को उभारते हैं, बल्कि आपकी आत्म-विश्वास को भी बढ़ाते हैं। रंगों का प्रभाव मानसिकता पर भी होता है और उनका सही चयन आपकी स्थिति और प्रभाव को मजबूत बना सकता है। आइए, हम कुछ ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन पर विस्तार से चर्चा करते हैं जो पुरुषों के लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बना सकते हैं।*



### ब्लैक और व्हाइट

ब्लैक और व्हाइट का कॉम्बिनेशन क्लासिक और टाइमलेस है। यह बहुत ही सिंपल और सॉलिड लुक देता है। ब्लैक शर्ट के साथ व्हाइट पैंट या व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक जींस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह संयोजन आपकी त्वचा के रंग को उभारने में मदद करता है और एक सशक्त, प्रोफेशनल और एलिगेंट लुक देता है। ब्लैक जाकेट के साथ व्हाइट टी-शर्ट या व्हाइट पैंट्स के साथ ब्लैक शर्ट पहनकर एक स्मार्ट लुक मिल सकता है।

### नेवी ब्लू और ग्रे

नेवी ब्लू और ग्रे का संयोजन एक सॉफ्ट और सूक्ष्म तरीके से आकर्षण उत्पन्न करता है। यह संयोजन ऑफिस, पार्टी और कैजुअल दोनों ही अवसरों पर फिट बैठता है। नेवी ब्लू टॉप और ग्रे पैंट्स एक शांत और शार्प लुक देने का काम करते हैं। इसके अलावा यह संयोजन किसी भी त्वचा के रंग पर अच्छा लगता है। नेवी ब्लू ब्लेज़र के साथ ग्रे स्लैक पैंट्स या ग्रे शर्ट के साथ नेवी ब्लू जींस पहन सकते हैं।

### ऑलिव ग्रीन और बेज

ऑलिव ग्रीन और बेज का संयोजन एक नेचुरल और आरामदायक लुक देता है। यह विशेष रूप से आउटडोर या कैजुअल लुक के लिए अच्छा है। ऑलिव ग्रीन जैकेट या शर्ट बेज पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। यह लुक हल्का और शांतिपूर्ण होता है, और ग्रीष्मकालीन आउटफिट के लिए परफेक्ट है। ऑलिव ग्रीन शर्ट के साथ बेज चोकर पैंट्स या बेज जैकेट के साथ ऑलिव ग्रीन पैंट्स पहन सकते हैं। बर्गंडी और ब्लैक का संयोजन एक गहरे और आकर्षक लुक को दिखाता है। यह रंग संयोजन विशेष रूप से सर्दियों में बहुत अच्छा दिखता है। बर्गंडी का गहरा रंग ब्लैक के साथ शानदार तरीके से मेल खाता है, और यह आकर्षक लेकिन गंभीर लुक देने का काम करता है।